I have a lot of respect for Mahatma Gandhi. To some extent, he made some efforts to ameliorate the conditions of these people. As soon as he took up the cause of untouchables and tribes, he became Mahatma Gandhi from Gandhi, but whereas when Baba Saheb Dr. Ambedkar took up the case of these people, he was branded traitor and broker of the British regime.

I was just hearing with rapt attention the points made by my young friend just now. He said that the reason why these atrocities were being committed on these people in this country was because of the scattered population of the scheduled castes and scheduled tribes throughout the breadth and length of the country. Where these people are in a compact area, there are no atrocities on them. Where the caste Hindus are in a majority, they have got the courage to put these people to all sorts of troubles. If the scheduled castes and scheduled tribes people are supplied with arms and necessary help, they will be in a position to protect themselves, put up a stiff resistance to the caste Hindus and teach them a lesson.

Sir, I must congratulate Shri Karpoori Thakur; he has taken certain steps in Bihar in this direction, but in U.P. the entire amount earmarked for the untouchables, and for checking these atrocities was surrendered on the score that there was no such trouble in U.P. As a matter of fact the position is quite contrary. In U.P., I think the larger number of atrocities took place. We had an opportunity to discuss this matter with the Chief Minister of U.P. He said since there was no atrocity, that is why the amount was surrendered. This is the intention of the Government!

16 hrs.

Certain young friends have mentioned that whenever atrocities come, those are highlighted in this House. The Central Government comes forward and expresses inability saying that it is a State matter. The State can deal with the law and order problem. What is this Central Government for? There is a moral responsibility of the Central Government to protect the people from atrocities.

[Shri Nathuni Ram]

Since time immemorial, society as well as the Government, both have been indifferent to us. We saw in this House yesterday and to-day too, how many Ministers come to listen us For twelve hours the debate went on on this subject but the Home Minister was not here. He did not come to express a word of sympathy. The Prime Minister had to reply on his behalf. What a sorrowful state it is! It is pinching not only the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes but even caste Hindus.

How is the Government functioning or what is the attitude of the Government? I want to elaborate that. Earlier some of the hon. members have thrown light on this. After the partition Government had to face the problem of rehabilitation of refugees. If I am not mistaken, crores of rupees had been spent to rehabilitate the refugees from Pakistan. If I am not mistaken, with all apologies I may say,—if there is any correction I shall stand corrected—only a fraction of the money has been spent on the problems of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. That was a temporary phase. Money was flooded like anything. But here comparatively, what is the amount earmarked for the amelioration of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribe people? In this case Government is reluctant. People are equally reluctant. Neither the Government nor the people are willing to help. Because this Government is of the people As society will be, the Government will be there. This is the creation of the Society. Some of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes are here. But we are not in a position to create a headache. Government may create headache. We will not be able to make an appeal. Since we are not in a position to do so, we are tolerating. We are hearing all these things and we are receiving such a treatment from the hon. Minister's side also.

They say that they want to understand the problem of the Scheduled Castes. I am very sorry to hear all this. If anybody wants to understand the problem of the Scheduled Castes, I would suggest that he should go to the remote part of this country and identify himself as the son of a cobbler or a sweeper. He can then judge whether he can receive garlands or insults. He will be able to understand the problem in the twinkling of an eye.

There has been Congress rule for about 30 years. Nothing tangible was done by them. The progress which is visible at the moment among the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes is not on account of the administration or Society, but it is because of the pressure—technological and economic. Why should the credit go to you? Are you serious or sympathetic towards Scheduled Castes people? You want to rule over the Scheduled Caste people a hundred years more. So far as the propaganda is concerned. in paper everything is there. This is simply an eye-wash. Sometimes when telegrams in sympathy are sent from here against racial discrimination in other parts of the world, I have to hang my head in shame—when I see what is being practised here If there is a racial discrimination there, here is discrimination between a 'touchable' and an 'untouchable'. It is shame for this Government and for the people of this country living here that persons who believe in untouchability, send telegram in sympathy to the people subjected to racial discrimination. If we see the record of our forefathers, it is all manipulation; it is hypocracy and the history is coming up after a long period. Therefore, my submission is this. If the Government wants to do something tangible, it should come forward with certain measures and I am sure, the problems of Scheduled Castes can be solved.

20 crore Scheduled Castes are living in this country according to the census. If you go through the report of Dr. Ambedkar you will find how manipulation was made before 1940 and since then, the same conspiracy is still going on. As my friend, Mr. Suraj Bhan pointed out, there should have been two reserved seats in Delhi but because of their manipulation, only one seat is

reserved. The same thing is happening in Andamans also. I want to caution the Government that the Scheduled Castes people will no longer tolerate it. Though we can go without meal, we have got self-respect. The situation is becoming explosive day by day The entire country is sitting on a volcano and at any moment; eruption can take place.

Whatever progress you see among the Scheduled Castes it is on account of the technological pressure and the economic pressure. I caution you, if you are not giving to take note of all these things, the country will have to face a very explosive situation.

I do not want to repeat the other points which my other colleagues have already stressed

With these words, I conclude

श्री पीयस तिरकी (अलीपुरद्वार) : सभापति महोदय, शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के कमिश्नर की रिपोर्ट यहा पर चर्चा के लिए पहली दफा नही आई है—वह पहले भी कई दफा आ चुकी है और आगे फिर भी आयेगी। इस समस्या का वर्णन कई पूर्ववक्ता कर चुके हैं। यदि उन बातो का फिर से दोहराया जाये, तो एक दिन या दस दिन नही बल्कि कई अरसे लगेंगे, क्योंकि यह समस्या एक बरस की नही है, वरन् हजारो बरसो से यह जाति पिसती आई है। आजादी के बाद भी इन लोगो की दशा म कोई विशेष सुधार नहीं हो पाया है।

शायद यह समझना भी हमारी भूल है कि उच्च वर्ग के हमारे सभी भाई हमारे दुश्मन हैं और वे सभी चाहते हैं कि ये लोग ऐसे ही रहें और उनकी दशा में कोई सुधार न हो। बहुत से महात्मा भी हुए हैं, जिन्होने इन लोगो की दशा में सुधार के लिये बहुत से प्रयास भी किये हैं। लेकिन उसके बावजूद शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज की आम अवस्था में कोई सुधार नही हुआ है। इसका मूल कारण हमारे विचार से दूसरा है। इस देश के रीति-रिवाज, धर्म और समाज की जो व्यवस्था है उसी में पहली गलती है। हमारे प्रधान मंत्री ने बहुत दफा सलाह दी कि रामायण पढ़िये, उस से आप को शांति मिलगी। मैंने भी रामायण पढ़ना शुरू किया। देखा रामायण में लिखा हुआ है कि रामचन्द्र जी ने सीता को छुड़ाने के लिये बन्दरों की सेना बनाई। ये बन्दर कौन थे? वे शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के लोग थे। उनके लिये अभी तक भी धर्म पुस्तकों मे बन्दर की संज्ञा दी गई है, रामायण जिसको इतना पवित्र मानते हैं उसमें उनके लिए बन्दर लिखा हुआ है। तो पहला सुधार तो उसम होना चाहिए। हिन्दू धर्म मे इंसान को इंसान नही समझा गया, धर्म पुस्तक में उनको बन्दर कहा गया। शायद ओ० पी० त्यागी जी यहां ह नहीं, मै उनसे यह कहना चाहता हू कि पहले वहां थोड़ा सुधार लाइये। फ्रीडम आफ रेलीजन बिल लाने के पहले इन धर्म पुस्तको में इन्सान को इन्सान कहा जाय ऐसा सुधार लाइये।

दूसरी बात यह है कि यहां की एक और समस्या है भाषा की समस्या। हमारे नेतागण और बडे बडे कहलाने वाले लोग अंग्रेजो की तरह तो 24 घटे का रात दिन होता है लेकिन 24 घटे म 26 घटे बोलते रहते है किन्तु अंग्रेजी भाषा मे बात करते है। जिसको फारेन भाषा कहते हैं, जिसको हम लोग शोषण की भाषा कहते हैं उसमें वह बोलते है। यह शोषण का तरीका अभी तक ये लोग रखे हुए हैं और बड़ी बहादुरी के साथ उसकी चलाये जा रहे हैं। देश की भाषा का अनादर किया जा रहा है। जब अपनी भाषा जो स्वतंत्र विचार प्रकट करने का माध्यम है उसी का अनादर किया जा रहा है तो क्या आप आशा कर सकते हैं कि जो इतने वर्षों से शोषित है उनके लिये न्याय हो सकता है?

हमारे समाज में हिन्दू हो, मुसलमान हों या जो कोई भी हो, यहा की सामाजिक व्यवस्था ऐसी है, मै सबके सम्बन्ध में तो नही बोल सकता हू लेकिन यह बता सकता हू कि मुसलमानो के बीच म भी ऊंच नीच का सवाल है, उनमे भी सभी मुसलमान बराबर नहीं हैं, उन के यहा भी सैयद और खान वगैरह हैं। इसी तरह क्रिश्चियंस में भी ऐंग्लो इंडियन क्रिश्चियन्स हैं और दूसरे क्रिश्चियस हैं। ये आपस मे छुआछूत तो नही रखते किन्तु दूसरे सामाजिक रीति रिवाज मे इन में भी फर्क है। तो यह एक किस्म से हिन्दुस्तान की कल्चर बन गई है। इसलिये केवल उच्च वर्गों को सब समय दोष देना यह मै नितांत जरूरी नही समझता क्योंकि सामाजिक रूप से हम सभी इस के लिए दायी है।

राजनैतिक दृष्टिकोण से आप विचार करे तो जब से हिन्दुस्तान आजाद हुआ है, कांग्रेस पार्टी जो राज करती आई है उसने सब समय रेलीजस माइनारिटीज को और शेड्यूल्ड कास्ट और शड्यूल्ड ट्राइब्ज के लोगो को डरा धमका कर अपने पक्ष मे रखने की चेष्टा की है। यही चेष्टा जनता सरकार भी कर रही है कि जहां तक हो सके डरा धमका कर उनको अपने साथ रखे। यही पिछली सरकार भी करती आई और यही जनता सरकार भी कर रही है।

[ श्री पीयुष तिरकी ]

इनको अपने विचारों से सोचने समझने और अपने विचारो से राजनैतिक दलो में जाने की भी छूट नही है । हमारे मित्र ओ० पी० त्यागी जी के शब्दों में देख, उन्होने अपने फ्रीडम आफ रेलीजन बिल में कहा है कि इनको धर्म चुनने की भी शक्ति नही है कि कौन धर्म मे जाय यह चुन सकें, इसलिए विशेष रक्षा की आवश्यकता है। यह विशेषकर ट्राइबल्स के विषय में कहा गया है। यह तो खुलेआम उनकी बेईजती है। उनको तो आदमी ही नहीं समझा। जैसे जानवरो को, कुत्ते को सिखाया जाता है वैसे ही मिस्टर त्यागी इनका सिखाएगे कि कौन से धर्म में रहना चाहिए, कैसे चलना चाहिए, क्या करना चाहिए। यह तो सामाजिक व्यवस्था है।

मंडल जी से एक दिन मेरी बातचीत हुई थी। शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के लिए वह बहुत उत्सुक हैं कि किस तरह से इनको आगे बढ़ाया जाय। मैं तो कहता हूं कि यदि सरकार अपनी इच्छा रखती है ता मेरा सजेशन यह है कि राइट टु वर्क जो हमारे दल ने डिमांड किया है, उस को फन्डामेंटल राइट में एड किया जाय। यदि आप शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज का हर जगह रिजर्वेशन देने के लिए उत्सुक हैं लेकिन दे नही सके ह तो कम से कम इन लोगो पर राइट टु वर्क को जरूर लागू कीजिए बिना कोई देर किए हुए, जो उनका काम पाने का अधिकार है, उसको पूरा कीजिए। ऐसा कर देने से रिजर्वेशन की समस्या और दूसरी समस्यायें अपने आप हल हो जायेंगी।

हमने बहुत ध्यान से इस बात का सुना है कि हमारे उच्च वर्ग के लोग इनका शोषण कर रहे हैं, इनके ऊपर अन्याय कर रहे हैं। लेकिन बगाल मे सभी मत्री बगाली हैं, उच्च पदो पर बगाली हैं तो क्या सभी उच्च बगालियो की उन्नति हो गई ? इसी तरह से बिहार में क्या सभी उच्च बिहारियों की उन्नति हा गई और क्या सभी उच्च वर्ग के लोग महान बन गए ? नही। कारण यह है कि हमारी जो व्यवस्था है वह पूजीवादी व्यवस्था है और इस व्यवस्था में पूजी के जरिए से चाहे वह शेड्यूल्ड कास्ट हो, शेड्यूल्ड ट्राइब हो, ब्राह्मण हो या कायस्थ हो, सभी का शोषण किया जा रहा है। इस व्यवस्था में मनुष्य की कोई कीमत नही रह गई है केवल पूंजी की कीमत है। मिनिस्टरों के घरों में हम रोज देखते हैं मोटरों की भीड़ लगी रहती है। समझ में नही आता इतनी दुःखी आत्मायें कहां से आ गई लेकिन वास्तव में होता यह है कि किसको कौन कन्ट्रैक्ट दिया जायेगा, किसके लिए क्या व्यवस्था होगी और किस किस के लिए क्या क्या किया जायेगा, इसी में हमारे मंत्रिगण बधे हुए हैं। उनके लिए भी यह इसलिए जरूरी है कि अगली बार उनको फिर एलेक्शन में आना है, पूजीपतियो को सुविधा देनी है, उनसे पैसा लेना है और उस पैसे से एलेक्शन जीतना है तथा पांच वर्ष तक पुन जनता को ठगना है। उसी की तैयारी हा रहा होती है। तो इस प्रकार की हमारी प्रजातन्त्र की व्यवस्था है। यदि मूल व्यवस्था मे ही काई दोष हो जैसे किसी घड़े में बहुत से छिद्र हा तो उसमे आपके हाथ से भी पानी नही भरेगा, मेरे हाथ से भी पानी नही भरेगा और माननीय मत्री, श्री मण्डल जी के हाथ से भी पानी नही भरेगा—किसी के हाथ से भी पानी नही भरेगा। ऐसी स्थिति मे इस व्यवस्था मे ही आमूल परिवर्तन करना जरूरी है। हिन्दुस्तान के आदमी बहुत सी जातियो, बहुत से धर्म और बहुत सी भाषाओं के बीच आ सकते है—यह एक बहुत बड़ा नमूना है परतु इस पूजीवादी व्यवस्था म बड़े कहलाने वाले लोगो ने सभी नीतियो मे राजनीति अपना ली है। जब इस देश मे मुसलमानो का राज था तब क्या मुसलमानो की दशा सुधरी थी ? नही सुधरी। मुसलमानो ने भी शोषण किया। इसलिए हमारी पूजीवादी व्यवस्था मे ही यह मूल त्रुटि है। जब तक कोई परिवर्तनशील, प्राग्रेसिव गवर्नमेन्ट नही आयेगी और जब तक पूजीवादी व्यवस्था का अन्त नहीं होगा तब तक शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब की व्यवस्था म सुधार नही होगा। आगे चलकर उच्च वर्ग के लोग भी लिखना शुरू कर देगे कि हमको शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज मे भर्ती करो जिससे हमें भी कुछ मिल सके। सभापति जी बहुत से ऐसे लोग हैं जो ऊंची जाति के कहलाते हैं, लेकिन गरीब हैं, हमारे पास आकर कहते हैं कि कोई ऐसा रास्ता बतलाइये जिस से हम भी शेड्यूल्ड कास्ट या शेड्यूल्ड ट्राइब का सर्टिफिकेट पा सकें। शायद मत्री महोदय को मालूम होगा—आज बहुत से ऐसे लोग हैं जो शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब का झूठा सर्टिफिकेट लेकर नौकरियां प्राप्त करने की चेष्टा कर रहे हैं। इस का मूल कारण क्या है। मूल कारण है—गरीबी। जाति-भेद छुआछूत के सवालो के साथ साथ आर्थिक दृष्टि से भी हम बहुत पिछड़े हुए हैं—इस तरह से हमारी अवस्था कभी भी सुधर नही सकती है।

आज हमारे देश मे सभी काम कान्ट्रैक्टर के जरिये होते हैं। आप देश के लिये जितनी योजनायें बनाते हैं—उन को पूरा करने के लिये कांट्रेक्ट दे दिया जाता है। वे कांट्रेक्टर्स मंत्री जी के पास आते हैं—कितने परसेन्ट कौन लेता है, कितना रुपया उस काम में खर्च होता है—सब कागज पत्र बना कर मिनिस्ट्री में भेज दिया जाता है कि इतना काम हो गया। किस पर विश्वास किया जाय ? अगर कोई कान्ट्रैक्टर अच्छा हुआ तो शायद कुछ काम हो जाता है—लेकिन उन कामों से मजदूरों को क्या लाभ होता है ?

उस को मजदूरी वही कान्ट्रैक्टर देता है, जो उस का अच्छी तरह से शोषण करता है ।

देश के कानून को देखिये—आज हमारे कानूनों को कौन समझ सकता है ? हमारे मंत्री जी भी कानून को नहीं समझ सकते हैं—क्योंकि भाषा ऐसी है जिस के कई अर्थ निकल सकते हैं । मंत्री जी को भी यदि जरूरत पड़ेगी तो वकील के पास जायेंगे और हजार रुपया फीस देंगे—तब वह मुकदमा लड़ा जायगा । जज साहब भी वकीलों की बहस सुनने के बाद संविधान के मुताबिक रूलिंग देंगे । जितना उन को इस बारे में अधिकार है—यहां के किसी भी मेम्बर को अधिकार नहीं है । यह बिलकुल सही बात है कि हमारी कानूनी व्यवस्था इतनी पिछड़ी हुई है कि उस में जो लिखा है—उस के क्या मायने हैं—हमारे बहुत से मेम्बर भी उस के बारे में क्लियर नहीं हैं, उन को पता ही नहीं रहता है कि हम क्या बोल रहे हैं और हम को क्या बोलना चाहिये । यहां भी हम को कान्ट्रैक्टर का पैसा देकर काम करना पड़ता है ।

हैल्थ की हालत को भी देखिये—मंत्री जी इस बारे में कुछ भी बोल नहीं सकते, हर जगह डाक्टरों की मनमानी चलती है । जिन्दा मनुष्य को यदि डाक्टर बोल दे कि मर गया, तो उस को मानना पड़ता है । इस तरह का जो काढ़ फैला हुआ है—इस को पूर्ण रूप से दूर करने की जरूरत है और इस के लिये जिम्मेदार पूंजीवादी व्यवस्था है । हमें इस सड़ी-गली व्यवस्था को, जो धनी-मानियों की व्यवस्था है, जो आम जनता की भलाई के लिये काम में नहीं आ सकती है—उस को जितना जल्दी हो सके उखाड़ कर फेंकना होगा । जनता सरकार के पास यदि हिम्मत है तो इस काढ़ को फैंक कर अमल रूप में प्रजा-तन्त्र का राज कायम करे ।

श्री श्यामलाल धुर्वे (मंडला) सभापति महोदय, दो तीन दिन से हरिजन आदिवासी रिपोर्ट पर चर्चा चल रही है । आज मैं देख रहा हूं कि देश के अन्दर जितने भी आदिवासी जिले हैं—उन की अवस्था इतनी ज्यादा खराब हो गई है, जितनी अंग्रेजी शासनकाल में भी नहीं थी । 30 साल की आजादी के बाद भी मध्य प्रदेश के मंडला, बस्तर, शहडोल, सरगुजा के आदिवासी जिलों की हालत बहुत ज्यादा गम्भीर है—मैं स्वयं इन जिलों का दौरा कर के आया हूं—शायद इतनी दयनीय स्थिति आजादी के पहले भी नहीं थी । आज वहां 80-85 प्रतिशत आदिवासी भाई गरीबी की रेखा के नीचे हैं । आज उन को गांव छोड़ कर शहरों की तरफ भागना पड़ रहा है । मैं अपने जिले मंडला के बारे में आप को बतलाता हूं—वहां के 10-15 हजार लोगों को अपनी जान बचाने के लिये, अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिये दूसरे जिलों में भागना पड़ा है—इतनी ज्यादा हालत खराब है । पिछले 10 सालों से अकाल पड़ने के कारण वहां की स्थिति इतनी गम्भीर हो गई है । इसी तरह से शहडोल है, बस्तर है, झबुआ है, ये जितने भी आदिवासी जिले हैं देश के अन्दर मैं अपने प्रदेश की स्थिति को देखते हुए बतलाना चाहता हूं कि वहां पर इन लोगों की हालत बहुत ही गम्भीर है । लोगों की ऐसी हालत है कि उन को अपना तन ढकने के लिये कपड़ा नहीं है । कर्ज से जनता लदी हुई है और 100 साल तक भी अगर सरकार उन की मदद करती रहेगी, तो कर्ज से उन का उद्धार नहीं हो सकता है ।

मैं आप के माध्यम से यह भी कहना चाहता हूं कि आदिवासी जिले आम तौर पर पहाड़ी इलाकों में हैं । यदि आप को उन की स्थिति सुधारनी है, उन को बराबरी में दूसरे लोगों के आगे लाना है, तो कर्ज में जो जनता लदी हुई है, वह कर्ज आप को माफ करना पड़ेगा । तभी उन की हालत में आप सुधार कर सकते हैं । पिछले 30 साल के अन्दर आदिवासी जिलों में रहने वाले लोगों का शोषण कांग्रेस के शासन काल में हुआ है । वहां के जो नेता लोग थे उन्होंने उन की जमीन हड़प ली है और मेरे जिले में कई आदिवासी भूमिहीन हो गये हैं क्योंकि कांग्रेसी लोगों के पास जो उन्होंने अपनी जमीन रहन रखी थी, उस को दूसरे आदिवासी के नाम 'बेचना' दिखा कर उन्होंने हड़प कर ली है । अगर इस बात की जांच करवाई जाए, तो इस तरह के बहुत से केसेज आप को मिल जायेंगे जिनमें वहां के रहने वालों के साथ इस तरह का अन्याय किया गया है । मैं चाहता हूं कि इस की छानबीन की जाए और उन की जमीन उनको वापस करवाई जाए । मैं आप को बता दूं कि अगर किसी व्यक्ति का मूल धन 1 हजार रुपया था, तो 10, 15 साल तक कर्ज वापस न देने के कारण, उस का ब्याज ही दुगुना हो गया है । इसलिए वह कर्ज से दिन प्रति दिन लदता जा रहा है और आज बैंकों से भी उन को कर्जा नहीं मिल रहा है । उन के लिए बैंकों की व्यवस्था नहीं है, खाद, बीज की व्यवस्था नहीं है और किसी प्रकार से भी जीवन यापन करने की व्यवस्था नहीं है । इस तरह से वहां के लोगों की हालत बहुत ही खराब है । राहत कार्य भी समय पर नहीं चल रहे हैं । मैं अपने जिले की बात आप को बतलाता हूं । हमारे यहां जो आदिवासी भाई हैं उन को गोंड कहते हैं । प्राचीन काल में वहां पर गोंड राजा हमारे यहां राज्य करते थे और महारानी दुर्गावती दलपत राय के जमाने में जनता की जो हालत थी, वह बहुत अच्छी थी । सब चीजें, भरपूर थीं और धन-धान्य से वे परिपूर्ण थे लेकिन आजादी आने के बाद 30 साल के पिछले शासन में जबकि हम आदिवासी हरिजन भाईयों की हालत सुधरनी चाहिए थी, वह सुधरी नहीं और गलत नीतियों के कारण ऐसा हुआ है । अब हमारी सरकार आई है, जनता सरकार ने यह नीति बनाई है कि ग्रामों की हालत को सुधारा जाए । ग्रामों के लिए वह नई नीति लागू करने जा रही है, जिस से छोटे छोटे लघु उद्योग धंधों और कुटीर उद्योगों का विकास होगा ।

[श्री श्याम लाल धुर्वे]

इसलिए जो काश्तकारी से फुरसत होंगे उन्हे काम मिलेगा और बाकी दिन वे बेकार न रहेंगे इस तरह उन को वर्ष भर कुछ न कुछ काम मिलता रहेगा । आदिवासी पहाड़ी इलाको मे रहते है और जो बेचारे आदिवासी हैं । निखालिस आदिवासी हैं, वे जंगलो में ही रहते हैं लेकिन उन की हालत क्या है । उन को पांच पाच और छ. छः मील से पानी लाना पड़ता है, गर्मियो के दिनों मे उन को इतनी दूर जाना पड़ता है और रात रात भर वे पानी के लिए तड़पते हैं लेकिन पीने के पानी की अभी तक ठीक व्यवस्था नही हो सकी है । आज 30 सालो की आजादी के बाद भी उन को पीने का पानी नहीं मिलता है । वर्तमान सरकार इस के लिए कुछ करने जा रही है और मेरे जिले में बहुत कुछ काम हुआ है और भारत सरकार भी कुछ हमारे लिए कर रही है । लेकिन उस का प्रचार और प्रसार नहीं हो रहा है । गत शासन मे काम कम होता था लेकिन प्रचार और प्रसार बहुत ज्यादा होता था । 30 साल तक कोई इस की व्यवस्था नहीं हो सकी । इसलिए उन की हालत खराब हुई है । गत शासन काल में बड़ी बड़ी घोषणाए की जाती थी कि गरीबी को हम दूर करेंगे परन्तु गरीबी तो दूर नही हुई बल्कि गरीब मिटा दिये गये हैं । इमर्जेंसी के दिनो मे मेरे जिले मे परिवार नियोजन के नाम पर नसबन्दी की गई जिस से हजारो, लाखों लोग बर्बाद हो गये और सैकड़ो लोग मर गये लेकिन इमर्जेंसी मे किसी को इस का पता नही चल सका । वहा की हालत बहुत खराब है और 10 साल तक लगातार अकाल पड़ने के कारण मेरे जिले की हालत बहुत गम्भीर है । इसलिये मैं शासन से माग करूंगा कि मेरे जिले को लगभग 30, 40 हजार क्वीटल चावल और गहू दिया जाए । इस से वहां की जनता की रक्षा हो सकेगी । हमारे यहां भदेली, कुटकी और मक्का की फसल आने तक लोगो को कुछ काम दिया जाए जिस मे उन लोगो की समस्या हल हो सके । अपने जिले में जो वन ग्राम है उनकी हालत बहुत खराब है । जब तक वहा के आदिवासियो को वहा की जमीन के स्थायी पट्टे नही दिये जायेंगे तब तक उनकी हालत नही सुधरेगी तब तक उनको आजादी का लाभ नही मिलेगा और न उनको उनकी जमीन का लाभ मिल सकेगा । आजकल जो वन रक्षक या वन अधिकारी वहां हैं उन्हें वहां के गांवो मे मालगुजार और राजा-महाराजा माना जाता है । वे बुरी तरह से वहां के लोगो को धमकाते हैं और उनका शोषण करते हैं । हम लोग यहा पर बैठ कर आनन्द के साथ बात करते हैं, एक दूसरे के साथ मजाक करते हैं लेकिन उन आदिवासी भाइयों से सारा दिन काम लिया जाता है । उन्हें अपने लिए बिलकुल भी समय नही दिया जाता । उन लोगों को मजदूरी भी ढाई रुपये दी जाती है । मुझे बड़ा दुःख होता है कि उन से सारा दिन काम लिया जाता है, उन को खाने का समय भी नहीं दिया जाता है और उनका बुरी तरह से शोषण किया जाता है । एक साल के काम के बाद उनकी हालत ऐसी हो जाती है कि शरीर बिल्कुल बेकार हो जाता है । बरसात के दिनो मे उनके भोजन की व्यवस्था भी ठीक न होने के कारण उनकी मृत्यु तक हो जाती है । उनकी हालत सुधारने की बहुत जरूरत है ।

आदिवासी जिलो में ज्यादातर लोग गरीब होते हैं । जहां वे रहते हैं वह पहाड़ी इलाका होता है । वहा सिचाई की व्यवस्था नही होती । और वहा एक फसली फसल होती है । अगर किसी साल वर्षा नही हुई तो फसल सूख जाती है । इस प्रकार की हालत मेरे जिले में है । बहुत ही खराब हालत है । अगर आदिवासियो की, हरिजनो की हालत को सुधारना है तो उनकी मजदूरी का रेट बढाया जाना चाहिए ।

पूरे मडला जिले की तहसीलो मे तथा निवास तहसील के राई ग्राम मे हदवानी विकास खंड मे जो ठेका सिस्टम चल रहा है, वहा ठेकेदार लोग शोषण करते है । सुबह 6 बजे से ले कर रात को 8 बजे तक उन से काम लिया जाता है । जहा वे काम करते है वहा से उनका घर पांच-छ मील की दूरी पर होता है, वहा पहुचते पहुचते रात को दस ग्यारह बज जाते हैं । उन्हे मजदूरी भी ढाई रुपये दी जाती है । इस तरह से घर पहुंचने पर उन्हें अपने लिये कोई भी समय नही बचता । अगर मजदूरो और उन गरीबो की सरकार को हालत सुधारनी है तो उनकी मजदूरी 6—7 रुपये की जानी चाहिए तभी उनकी हालत सुधर सकती है और तभी वे अपने बाल-बच्चो के लिए कपड़े-लत्ते और शिक्षा का प्रबन्ध कर सकते है ।

मेरे जिले मे वन विभाग के दो वन प्राजेक्ट चल रहे है और तीन आदिम जाति कल्याण प्राजेक्ट है । मै कहना चाहता हूं कि वहा तत्काल ठेका सिस्टम को समाप्त किया जाना चाहिए । ठेकेदार सरकार की भी चोरी करते है और जो काम करने वाले मजदूर हैं जो कि भूखे रह कर काम करते हैं अपना खून पसीना बहाते है उनकी भी चोरी करते हैं । उन लोगो को ठेकेदार के माध्यम से काम नही दिया जाना चाहिए । इस ठेका सिस्टम को खत्म करके सरकार के द्वारा सीधे उन्हें काम दिया जाना चाहिए ।

वन प्रोजेक्ट नैनपुर मे जो प्रोजेक्ट का काम चल रहा है वहां पर भी ठेकेदार लोग आये हुए है । वे भी हरिजन, आदिवासी और अन्य गरीब भाइयो का शोषण करते हैं । उन्हें कम मजदूरी देते हैं और समय पर मजदूरी नही देते हैं । उनसे गर्मी के दिनो में पूरा दिन काम लेते हैं । उनका पूरा शोषण करते हैं और उन्हें खाने का समय भी नही देते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि उनको शोषण से बचाने की पूरी व्यवस्था करें ।

जिस प्रकार से प्रदेशों में हरिजन कल्याण मंत्रालय अलग है और आदिम जाति कल्याण

मंत्रालय अलग है उसी तरह से केन्द्र में भी अलग-अलग आदिवासी और हरिजन सचिवालय और मंत्रालय होने चाहिए। जब तक ये अलग-अलग नहीं होंगे तब तक आदिवासियों और हरिजनों का हित नहीं हो सकता है। जब तक केन्द्र में ऐसी व्यवस्था नहीं होती तब तक हरिजन और आदिवासी भाइयों की हालत अच्छी नहीं हो सकती है। दीगर पिछड़े वर्गों के लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए। हमारा संविधान बहुत सुन्दर संविधान है। इससे देश के सर्वांगीण विकास में मदद मिल सकती है। सभी का विकास हो इस की व्यवस्था शासन की ओर से की जानी चाहिए। आदिवासी जिलों में चाहे कोई ब्राह्मण हो या बनिया हो या कोई दूसरा हो, जो भी रहता है पिछड़ा हुआ और गरीब है। वह अपने बाल बच्चों को पढ़ा नहीं सकती है। जा... के आधार पर विभिन्न वर्गों के बीच जो खाई पिछली सरकार ने पैदा कर दी थी उसको आपको पाटना चाहिए। सब को कंधे से कंधा मिला कर और श्रम पूर्वक आगे बढ़ने के लिये ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए। ऐसा हो सके इस में आपका हर प्रकार की मदद देनी चाहिए। तभी हमारा देश सही अर्थों में विकास करने में सफल हो सकेगा और सरकार की सफलता भी तभी आंकी जा सकेगी। मुझे आशा है कि जनता सरकार इस ओर विशेष ध्यान देगी। जैसा मैंने कहा है अगर आप अलग-अलग मंत्रालयों का निर्माण नहीं करते हैं तो यह काम नहीं हो सकता है। हजार वर्ष तक हरिजनों और आदिवासियों का सरकार मदद देती रहेगी तो भी उनकी स्थिति कभी सुधर नहीं सकेगी और वे आगे नहीं बढ़ सकेंगे।

मैं अपने प्रदेश में विधायक रहा हूं। तब मैं मेघालय भी गया था। वहां की हालत को मैंने देखा है। वहां पर आदिवासी भाइयों की स्थिति बहुत अच्छी है। मुख्य मंत्री भी उन्हीं का है और मुख्य सचिव भी उन्हीं में से है। वहां पर जो दूसरे भाई रहते हैं उनके साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होता है। लेकिन दूसरी जगह यह चीज देखने में नहीं आ रही है। बिहार उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में भी कई ऐसे स्थान हैं जहां आदिवासी भाइयों के साथ अन्याय किया जाता है, उनका शोषण किया जाता है। आप जमीन की बात को ही लें। जमीन के झगड़ों को लेकर उनको अपनी जान तक से हाथ धोना कई बार पड़ जाता है। यह जो अव्यवस्था है इसको आपको सुधारना चाहिये। कड़ा कानून जमीन के मामले में आपको बनाना चाहिये। जो कानून बना हुआ है उसको सही रूप में कार्यरूप देकर आपको इन भाइयों की रक्षा करनी चाहिये।

अब मैं उद्योग धंधों के बारे में थोड़ा सा कहना चाहता हूं। मेरे जिले में तीस साल से किसी भी स्थान पर एक भी उद्योग नहीं डाला गया है। मांडला जिले में वन सम्पदा प्रचुर मात्रा में मिलती है। खनिज पदार्थ बहुतायत में पाए जाते हैं। सफेद सीमेन्ट पत्थर बहुत मिलता है जिस को आन्ध्र प्रदेश में भेजा जा रहा है। वहां पर बाक्साइट के भी भंडार हैं। डिंडोरी तहसील पूरी जंगलों से भरी हुई है। वहां पर किसी भी खनिज पदार्थ पर आधारित कोई कारखाना नहीं डाला गया है। अगर कारखाने डाल दिये जाते तो वहां के लोगों को काम मिलता और उनको बाहर न जाना पड़ता। पिछले शासन की गलत नीतियों का ही परिणाम है कि देहात की जनता शहरों की तरफ भागी हुई आ रही है। एक बार जो शहर में आ जाता है वह वापिस गांव में जाने का नाम नहीं लेता है। ऐसे लोगों के साथ दुर्व्यवहार होता है। कई बार तो उनको जान से मार दिया जाता है। कड़ी धूप में उनको मेहनत करनी पड़ती है, बरसात के समय में पानी में भीगते हुए उनको काम करना पड़ता है। इन कारणों से उनको नाना प्रकार की बीमारियां हो जाती हैं और उनकी हालत इतनी खराब हो जाती जाती है कि इलाज ठीक से न हो पाने के कारण उनकी मृत्यु तक हो जाती है। हम ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि छोटे उद्योग धंधों के मामले में हम आदिवासी जिलों को प्राथमिकता देंगे और उनको रोजगार की प्राथमिकता देंगे जिन गांवों की आबादी एक हजार या उससे अधिक है। मैं अपने जिले के बारे में बताता हूं। मेरे मांडला जिले में 2500 गांव हैं इन में से केवल 78 गांव ऐसे हैं जिनकी एक हजार की जन संख्या है और शेष जो 2422 गांव हैं वे एक हजार जन संख्या से कम वाले हैं। अब अगर सरकार एक हजार की जनसंख्या वाले गांवों को ही प्राथमिकता प्रदान करती है तो केवल 78 गांवों को ही लाभ हो सकता है इन लघु और कुटीर उद्योगों के मामले में और उन्हीं में ये लग सकते हैं और शेष जो 2422 गांव हैं वे बिल्कुल कोरे रह जाएंगे। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हम दस साल में सब को रोजगार दे देंगे। लेकिन इस तरह से तो मैं समझता हूं कि केवल 78 गांवों के लोगों को ही रोजगार मिल सकेगा और बाकी गांवों के लोगों को कोई रोजगार नहीं मिल सकेगा। मैं चाहता हूं कि जिन गांवों की आबादी दो सौ तीन सौ या पांच सौ भी है उनको भी लघु और कुटीर उद्योग डालने के मामले में प्राथमिकता मिलनी चाहिये। तभी लोगों को काम दिया जा सकेगा। आदिवासी अनादिवासी पिछड़े हुए जितने भी देश में जिले व इलाके हैं उनमें अच्छी व्यवस्था हो तभी वहां के नौजवानों को काम दिया जा सकेगा और उनकी दरिद्रता दूर की जा सकेगी। और भी दीगर उनके लिए व्यवस्था की जानी चाहिये।

आदिवासी जिलों में स्कूल खोले गये हैं। पांच कक्षा वाला स्कूल होता है तो देखा गया है कि उन में केवल मात्र एक शिक्षक की ही नियुक्ति की जाती है। एक शिक्षक किस तरह से वहां के बच्चों को पढ़ा सकता है यह सोचने वाली बात है। फिर कहते हैं कि आदिवासी बालक कमजोर होते हैं। वो क्यों न हों जब पांच कक्षाओं के लिये केवल एक ही अध्यापक है। कहीं यह

[श्री श्याम लाल धुर्वे]

बच्चों को पढ़ा सकता है। जब तक उनको सही शिक्षण नहीं दिया जायेगा तब तक कैसे वे योग्य बन सकते हैं? इसलिए अधिक स्कूल न खोले जायें, बल्कि जो खुले हुए है उन्ही मे कम से कम 5 कक्षाओ के लिए 3 शिक्षक होने चाहिए तभी उनके भविष्य का सही निर्माण हो सकेगा। देहातो में आदिवासी इलाको में, पिछडे जिलो मे अनिवार्य शिक्षा लागू कर के उनमे प्राथमिकता प्रदान करनी चाहिये।

आज मध्य प्रदेश मे इतने ज्यादा आदिवासी होने के बाद एक भी कलेक्टर हमारे प्रदेश का नही है। 8, 10 कलेक्टरो में बाहर के प्रदेशो के ही लोग हैं, हमारे मध्य प्रदेश के नही है। इसी प्रकार हरिजन अधिकारी 20, 21 होंगे उनमें भी अधिकतर बाहर के ही प्रान्तो के लोग होंगे। इसलिये जब तक शिक्षा पर ध्यान नही देंगे सब का समान विकास ही और एक दूसरे से मिलकर अच्छा व्यवहार नही करेंगे और अलग की भावना खत्म नही होगी तब तक न आदिवासियो का विकास हो सकता है और न हरिजनो का। जो भी गरीब है, किसी भी जाति के हो, उनके भी बालको को छात्रवृत्ति मिलनी चाहिये तभी लगेगा कि सरकार सब के विकास के लिये काम कर रही है।

इसी के साथ साथ आदिवासी जिला मे सब से ज्यादा कृषि के लिए जो जगल है जिनमें झाडियां नही हैं उनमें भी लाखो एकड जमीन है। उसको समतल कर के गरीबो को दी जानी चाहिये। कूए के लिये जो आप पैसा देते हैं उसका मै विरोध करता हू क्योकि दो, ढाई हजार रुपये मे कूआ नही बनता है। सरकार खुद कूआ बना-कर दे और बैल, बीज, खाद की व्यवस्था सरकार अपनी ओर से करे तभी उनकी स्थिति सुधर सकती है। मेरे मडला जिले की डिडोरी तहसील के समनापुर ब्लाक मे लोगो के कूओ में पानी नही था, और उनको कलेक्टर द्वारा धमकी दे कर जबरदस्ती पम्प दिलाये गये और आज उस कर्ज की वसूली के लिये उनकी जमीन नीलाम हो रही है। मेरा निवेदन है कि हमारे जिले में लोगो की जमीन नीलाम न की जाय और उनसे जबरदस्ती पैसा वसूल न किया जाय और जो कर्ज है वह माफ किया जाय।

गत वर्ष गृह राज्य मंत्री श्री धनिक लाल मण्डल जी ने देखा है कि हमारे यहां आदिवासियों की क्या हालत है। उनको बडा दुख भी हुआ कि 30 साल तक वहां कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि नाले बह रहे हैं क्यों नही लोगो को बिजली दी जाती है। और मान्यवर, आपने भी सुझाव दिया था। मै चाहूंगा कि मंत्री जी खुद जा कर आदिवासी जिलो को देखें क्योंकि उन्हीं के हाथ में यह काम है, इसलिए उन्हें आदिवासी जिलों का दौरा करना चाहिए और व्यवस्था के बारे में सुझाव दे कर उनके विकास के लिए नियम बनाने चाहियें।

मैं आपको बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे अपने विचार रखने का समय दिया।

*SHRI A. ASOKARAJ (Perambalur): Mr. Chairman, Sir, on behalf of my party, the All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam, I wish to place my views on the Reports of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, which are being debated.

Many hon. Members who preceded me enumerated the lapses on the part of Government in ensuring their social and economic upliftment and the loopholes in the programmes being implemented by the Government in this direction I would at the very outset say that this kind of discussion should become a monotonous ritual It should in fact become a meaningful assessment of their needs for the purpose of formulating fruitful schemes for their wellbeing. I would also go to the extent of saying that this kind of discussion should become the driving force for determined action on the part of Government so that in future there is no need at all for nagging the Government that they have failed to do this and to do that.

It is common knowledge that more than 20 per cent of our population belongs to Scheduled Castes and Scheduled Tribes. They number about 12 crores. It is time for us to test whether these people have been able to absorb all the concessions and facilities being extended to them by the Government. We should also review whether they reach these downtrodden people ultimately. I get this gnawing doubt because of the manner in which the upper class people mount a malevolent attack when an eminently suitable candidate belonging to scheduled caste is appointed to a high post. When a distinguished official from the Sche-

*The original speech was delivered in Tamil.

duled Caste was appointed as the Chairman of Union Public Service Commission, all the newspapers were up in arms against this appointment. They were carrying lead stories about his personal life as his incompatibility for such a senior post. He was attacked in a virulent and violent manner in press and also in public forms like the Lok Sabha. He was ridiculed on the floor of this House. There was a concerted effort to discredit him. I need not dwell upon this sordid story much longer because it has been proved to the hilt that it is baseless. They were all motivated by their inherent dislike for a scheduled caste person getting such a coveted position. How can we expect lesser fries belonging to scheduled caste and scheduled tribe to withstand such an onslaught from all directions?

It is claimed that the Government have been spending several hundreds of crores of rupees for the welfare of SC and ST people It is pertinent to point out that 60 per cent of financial allocation is for education development, 10 per cent for economic upliftment and 30 per cent for providing basic social amenities like drinking water, housing etc. From what we gauge from their present plight, educational advancement has not come to their rescue. Though the Government proclaims from house-tops that there is 18 per cent reservation for Government jobs, yet we find from all the statistics being trotted out by the Government that this reservation is fulfilled only in menial posts like scavengers, Class IV posts etc. It may be a matter of self-satisfaction to say that out of 1000 posts 200 posts have gone to candidates belonging to scheduled castes and scheduled tribes. In reality you will find that these 200 posts would be scavengers, cleaners, chowkidars, peons etc.

It is not that we will be able to raise the standard of living of these people by offering such jobs to them. It is a normal feature in the Government that, when the promotion chances come, the criterion is to what caste the incumbent belongs. It is taken for granted that merit is comcomitant with high caste. The claims of scheduled castes are unceremoniously overlooked in the case of promotion to senior posts. I referred just now how the hell was let loose when a distinguished person from scheduled caste was appointed as the Chairman of U.P.S.C. In these circumstances, I wonder how educational accomplishments are going to help these unfortunate people to prosper in life. This also confirms my doubt that the upper class people are the stumbling block in the way of progress of these people.

The next alternative course of action is to help them by giving technical training to start small industries so that they can become self-reliant. We should create a respectable environment for them in the society. It must be ensured that they are not only helped in building up the infrastructure for such small industries but also they are enabled to get fiscal facilities in the form of loans from nationalised banks. Here also the upper class people are able to appropriate all such loan facilities from the nationalised banks. These small people are left high and dry. Unless the economic disparities are dispensed with, there can be no hope of better life for these people. The economic disparities can be ended only by encouraging them to start small industries of their own, which should be nurtured and nourished by governmental assistance in the form of required inputs, finances etc.

Coming now to the social imbalances prevalent in the country, I would refer to a revealing article that appeared some three years ago in the Illustrated Weakly of India. The high officials of Bhilai Steel Plant located in Madhya Pradesh were not only using the tribal girls as their domestic servants but also as objects of their carnal pleasure. There was a furore on the floor of this House also. But ultimately no action was taken against these marauders of social mores.

[Shri A. Asok Raj]

When Christianity has become a world religion, when Buddhism born in India has taken deep roots in many countries of the world, when Islam is on a march of progress everywhere, it is strange that Hinduism, which is the world's oldest religion, is shrinking day by day. This is mainly due to the fact that casteism is an inalienable part of Hinduism. Can a religion riven with caste and communal factions ever become universal? Can anyone of us deny the existence of casteism in Hinduism? Can anyone of us also forget that Hinduism is the seed-bed of a society based on castes and communities? It is essential that there should be a religious reformation in our country. Then only social imbalances can be ended in our country. It cannot be forgotten that religious injunctions create social inhibitions. Social welfare should become the soul farce of a religion.

I will also refer to the indirect encouragement that our educational institutions give to the prevalent social imbalances. Some years back, there was a Seminar on Tribal Culture in the Delhi University Campus There was an exhibition of photographs of semi-clad tribal girls for the cultural briefing of the participants. Is it not a ridiculous exposure of tribal living? Are we protecting the tribal culture or are we parading the half-naked tribal girls? Such an attitude also acts as hindrance in the social progress of SC and ST people.

Even after 32 years of Independence, you will find in the rural areas that the children of SC and ST people are compelled to earn for their living, while they are to be in educational institutions. Because of the oppressive atmosphere of poverty, the parents belonging to SC and ST are campelled to send their wards for work.

The SC and ST in rural areas are living in hovals comparable to pigsties. They are not permitted to take drinking water from the common wells in the villages. They do not have place even to bury their dead. Even if they have a cremation ground of their own, there is no approach road to ther cremation ground. If I go on narrating how these people are living in squalor and filth, I will be abused of instigating those poor people. But I have to say this so that we help in mental transformation of upper class people, which will go a long way in raising the social status of these downtrodden people. We may pass many statutes. We may plan social welfare schemes for the betterment of these people. Yet, unless there is a radical change in the outlook of upper castes, no tangible result can accrue to these oppressed people. How incongruous it is, even after three decades of freedom, that we should still have a section of our people carrying night-soil on their heads? It may be a livelihood for them. But should we continue with this kind of livelihood for a section of our people? We should ensure that we lift these people from sub-normal conditions of living to human conditions of living.

I am sorry to say that during the two years of Janata rule, no national overseas scholarship has gone to any SC or ST candidate Similarly, the restriction of 2 post-matric scholarship to a Harijan family must be removed forthwith. In Tamil Nadu there is a longstanding demand that dhobis and barbers should be incorporated in the scheduled caste list. This must be done without delay I would also urge upon the Government to reward those who encourage intercaste marriages, which is the best way to break the shackles of casteism A massive house-building programme must be undertaken in rural areas so that their habitations can be made fit for living. They must be enable to have two square meals a day and they must be given minimum require cloth to cover themselves from sun showers and shame. It is not enough that we expect others to respect us. We should ensure ourselves to become fit for the respect of others. This can be possible only when the standard of living of SC and ST people is raised I would demand sta-

tutory abolition of casteism in the country. Before I conclude, I would also demand adequate representation for SC and ST people in Indian Legations and Embassies abroad. In fact, I suggest that there should be a separate Ministry at the Centre to look after the interests of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. We should not rest content with a rambling discussion of 12 hours. After this we should not disperse in a self-satisfying manner. The Janata Government should not also confine itself to the criticism of the 30-year rule of Congress Government. Besides looking what has been done during the two years of governance, the Janata Government should also draw up a perspective plan for the welfare of scheduled castes and scheduled tribes in our country. The educational backwardness the economic disparities and social imbalances are mainly due to the failure to uplift the scheduled castes and scheduled tribes in our country. The hope for country lies in their welfare.

With these few words, thanking you for the opportunity given to me, I conclude my speech.

**डा० रामजी सिंह** (भागलपूर) : सभापति महोदय, हम लोगों के समक्ष शेड्यूल्ड कास्ट एण्ड शेड्यूल्ड ट्राइब्ज की लगभग तीन वर्षों की रिपोर्ट 74–75, 75–76 और 76–77 की चर्चा के लिए रखी गई है । इन में जो अनुशंसाएं है अगर केवल उन्हीं अनुशंसाओं का हम कार्यान्वियन कर पाते तो शायद आज माननीय सदस्यों ने जितनी आपत्तियां उठाई हैं वह निर्मूल हो जातीं । वस्तुतः हरिजन समस्या भारतवर्ष और खास कर के हिन्दू जाति का सबसे बड़ा कलंक है । यही कारण है कि पूज्य बापू ने इस को अपना जीवन धर्म मान कर अपने जीवन के समय में सम्पूर्ण साधना इस के लिए अर्पित की थी । यह अलग बात है, आज बहुत दिनों के बाद बापू आउट आफ डेट माने जा सकते हैं लेकिन उन्होंने सन् 1921 में जब हरिजन समस्या पर किसी को बोलने का साहस नहीं होता था तब स्पष्ट रूप से उद्घोष किया था —

"I regard untouchability as the greatest blot on Hinduism."

जिस समय धर्म-ध्वजी, पाखण्डी हिन्दू धर्म के आचार्य बहुत शोर शराबा कर रहे थे उस समय भी उन्होंने कहा था और इतना ही नहीं उन्होंने तो कुछ अन्धविश्वास की भावना से भी कहा था, जब बिहार में भूकम्प आया तो उन्होंने कहा कि यह भूकम्प कोई ईश्वरीय चीज नहीं है, यह हिन्दू जाति के दुष्कर्मों का फल है —

"Earthquake was no caprice of God nor a result of the blind forces. We do not know all the laws of God nor their working."

**17 hrs.**

हालांकि इस पर बहुत सारी का आपत्तियां हुई थी कि यह अन्धविश्वास को लेकर कैसे बोलते हैं । वस्तुतः इस हरिजन समस्या को उन्होंने इतनी गहराई से सोचने का प्रयास किया था कि उन के सामने ऐसी बात यह थी । कितनी भावना और हरिजनों के प्रति कितना प्यार था उन के अन्दर ? उन्होंने कहा था कि जब युधिष्ठर बिना कुत्ते के स्वर्ग नहीं जा सकता है तो हिन्दू जाति हरिजनों के सहयोग के बिना स्वराज्य भी प्राप्त नहीं कर सकती ।

Yudhishtra would not enter heaven without his dog. How can then the descendents of that Yudhishtra expect to obtain Swaraj without the Untouchables

उन्होंने इससे और भी गहराई की बात कही थी जिससे सवर्णों के हृदय का संस्पर्श हुआ, हरिजन सेवा के लिए बहुत सारे लोग आगे आए ।

**17.01 hrs.**

[SHRI DHIRENDRANATH BASU *in the Chair*]

उन्होंने कहा कि आज हम गुलामी की जंजीर तोड़ना चाहते हैं । लेकिन यह भूल जाते हैं कि अगर हम अपने हरिजन भाइयों को गुलाम रखते हैं तो जब तक

[डा0 रामजी सिंह]

हम हरिजन भाइयों को गुलाम रखेंगे तब तक हमें स्वतन्त्र होने का कोई अधिकार नहीं है। यही कारण है कि आज गांधी की भावना सर्वोपरि है और उसे हम अलग नहीं कर सकते।

सभापति महोदय, यह जनता सरकार की रिपोर्ट नहीं है जो उसका मूल्यांकन हम आपके सामने रखें। यह पिछली सरकार के समय की रिपोर्ट है। इसमें शेड्यूल्ड कास्ट, 14.60 परसेंट, शेंड्यूल्ड ट्राइब्ज़ 6.9 परसेंट है। तीन वर्षों की सेण्ट्रल सर्विसेज़ में इनके रिज़र्वेशन की जो रिपोर्ट है इसको आप देखें। क्लास वन में शेड्यूल्ड कास्ट 3.4 परसेंट, और शेड्यूल्ड ट्राइब 0.68 परसेंट हैं। क्लास टू में शेड्यूल्ड कास्ट 5.4 परसेंट हैं और शेड्यूल्ड ट्राइब 0.7 परसेंट हैं। क्लास थ्री में 11.3 परसेंट हैं। इसमें शेड्यूल्ड ट्राइब 2.5 परसेंट हैं। क्लास फोर में 18 परसेंट शेड्यूल्ड कास्ट हैं और शेड्यूल्ड ट्राइब 3 परसेंट हैं।

मैंने यह आंकड़े आपके सामने यह दिखाने के लिए रखे हैं कि क्लास फोर में तो 18 परसेंट देते हैं, क्लास थ्री में उससे कम 11 परसेंट देते हैं, क्लास टू में उससे भी कम और क्लास वन में बिल्कुल कम देते हैं। डा० अम्बेदकर से गवर्नर जनरल ने पूछा था कि आप लेजिस्लेटिव कौंसिल में हरिजनों के प्रतिनिधित्व की क्यों मांग करते हैं। आज यहां पर बहुत सारे भाइयों ने हरिजनों के लिए एक पृथक मंत्रालय की मांग की है। आज इस बात को कहते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि 1977 में जब मैं यहां पर आया था तो मैंने पहली बार हरिजनों के लिए पृथक मंत्रालय की मांग की थी। तो जैसा मैं अभी पहले कह रहा था, गवर्नर जनरल ने डा० अम्बेदकर से कहा कि छोटी छोटी नौकरियों में हम हरिजनों को जगहें दे देते हैं लेकिन निर्णायक जगहों के लिए आप मांग न करें क्योंकि आप योग्य नहीं हैं। डा0 अम्बेदकर ने उत्तर दिया था कि अगर हम निर्णायक जगहों पर रह सकेंगे तो वास्तव में हम हरिजनों पर होने वाले अन्याय का भी मुकाबला कर सकेंगे। यदि एक भी हरिजन निर्णायक पद पर होगा तो वह हरिजनों के कष्ट को समझेगा और उनको दूर कर सकेगा। इसलिए यह कहना कि यह अयोग्य हैं यह ठीक नहीं है। जो लोग पांच हजार वर्षों से दबे हुए हैं उनको आप देना नहीं चाहते हैं। यह तीन वर्षों की जो रिपोर्ट है वह जनता सरकार की नहीं है। पहले जो कांग्रेस सरकार थी जिसके लोगों के हृदय में आज हरिजनों के लिए करुणा व्याप्त हो रही है उनके समय में रेलवे में क्लास वन में शेड्यूल्ड कास्ट 6 परसेंट और शेड्यूल्ड ट्राइब 0.8 परसेंट थे। पब्लिक अण्डरटेकिंग्ज़ में, तीन वर्षों की रिपोर्ट जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं क्लास वन में शेड्यूल्ड कास्ट्स—1.2 परसेण्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स—2 परसेण्ट। नेशनलाइज्ड बैंक्स में आफिसर क्लास में शेड्यूल्ड कास्ट्स की संख्या है—3 परसेण्ट—यानी एक परसेंट भी नहीं है, जब कि उनकी आबादी 16 परसेण्ट है और शेड्यूल्ड ट्राइब्स की संख्या है—.6 परसेण्ट। डिफेंस फोर्सेज़ में—इस का डाटा नहीं दिया गया है और सब बातें दी गई हैं।

अब एट्रोसिटीज़ की बात को लीजिए। अभी रामविलास भाई ने बतलाया कि इन के घर को आग लगा दी गई, इन के गांव को जला डाला गया—यह कितने शर्म की बात है। आज जिस एट्रोसिटी की हम चर्चा कर रहे हैं—चाहे जनता सरकार हो या कोई भी सरकार हो— कितने कलंक की बात है। मेरे पास तीन वर्षों की रिपोर्ट है—1972 में हरिजनों पर जो एट्रोसिटीज़ हुई—उन की संख्या—3302 थी। 1973 में 6186, 1974 में—जो इन्दिरा गांधी का स्वर्णकाल था—8860 और एमर्जेन्सी के काल में जब कि रिपोर्ट लिखी ही नहीं जाती थी, 1975 में संख्या थी—7781। 1976 में जब बिल्कुल शान्ति थी, अनुशासन पर्व था—उस समय संख्या थी—5887—यह हमारी उपलब्धि है।

अब, सभापति महोदय, प्रश्न यह है कि इस समस्या का क्या हल हो सकता है। सचमुच में यदि कोई मार्ग हो सकता है तो वह एक मार्ग है—संघर्ष का मार्ग। जब दुखी हो कर मनुष्य का आक्रोष उमड़ता है— तो शस्त्र की आकांक्षा होती है, संघर्ष के लिए कटिबद्धता और तत्परता व्याकुल होती है। हम ने यह नहीं कहा कि केवल रहम और करुणा के आधार पर दबे रह कर अपना अधिकार प्राप्त किया जा सकता है —यह Freedom is a gift not to be given by one nation to another, it is to be purchased by one's blood.

इसलिए हरिजन और आदिवासी भाई अपने अधिकार और स्वत्व को प्राप्त करेंगे तो वह किसी की मेहरबानी पर नहीं होगा, अपनी शक्ति के आधार पर प्राप्त करना होगा। इसलिए इस रिपोर्ट में जो बातें कही गई हैं—उसमें भी इस चीज़ का ज़िक्र किया गया है—ये सारे काम होने चाहिये, लेकिन साथ-साथ अपने पैरों पर खड़े होने की बात भी है। इसलिए यह बात तो ठीक है कि आज सब लोगों को हर जगह जहां पर ऐसी बातें हैं—उन को शक्ति और संघर्ष का मार्ग अपनाना चाहिय। करुणा के मार्ग की बात मैंने आप के सामने रखी है, यह सुन्दर है लेकिन अपर्याप्त है, परन्तु सशस्त्र शक्ति का मार्ग भले ही आकर्षक हो, लेकिन कितना उपयोगी है—यह समझने की बात है।

अब प्रश्न है—क्या सरकार के माध्यम से हरिजनों की समस्या का अन्त हो जायेगा? यदि ऐसी बात होती तो 30 वर्षों में यह सब हो गया होता। हमारे संविधान में ही, सभापति महोदय, इस बात का वर्णन है—हमारे डायरक्टिव प्रिंसिपल्ज़ में कहा गया है कि हम अनटचेबिलिटी को हटायेंगे, लेकिन आज तक वह कायम है। हमारे प्रधान मंत्री जी ने भी एक टाइम-लिमिट की घोषणा की है कि इतने दिनों में हटा देंगे, पता नहीं वह हट सकेगी या कितनी हट सकेगी, लेकिन इसके संबंध में मैं एक-दो सुझाव देना चाहता हूं—सबसे पहला सुझाव तो यह है—हरिजन समस्या सचमुच में इस देश का एक सांस्कृतिक कोढ़ है और इस सांस्कृतिक कोढ़

पर केवल एक पहलू से प्रहार करने से काम नहीं चलेगा। सब से पहला तो आर्थिक पहलू है—हिन्दुस्तान में जो सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं, वे आर्थिक रूप से भी पिछड़े हुए हैं—इसलिये इकानामिक बैकवर्डनेस और सोशल बैकवर्डनेस हिन्दुस्तान के 5 हजार वर्षों के इतिहास में साथ-साथ चल रहे हैं। इसलिये सबसे पहले आर्थिक प्रश्न पर प्रहार करना होगा। मैं तो, सभापति महोदय, इस संबंध में एक बिल भी लाया था कि सबको राइट-टु-वर्क देना चाहिये। अगर एक बार में नही दे सकते है तो फेजेज में दें, चरणों में दें। पहले फेज में मैंने कहा था—इसको शैड्यल्ड कास्ट्स और शैड्यल्ड ट्राइब्ज से देना चाहिये। राइट-टु-वर्क सबको हम कब देंगे—यह एक अलग बात है। लेकिन अनटू दि लास्ट, जो अन्त्योदय का काम है, वहीं से शुरु होना चाहिये और सैकेन्ड फेज में बैकवर्ड क्लासेज का लोगो को देना चाहिये और थर्ड फेज में और लोगो को दें।

The talk of equality between unequals is unjust.

इसलिये सचमुच में जो नीचा है, उसको ऊंचा करने के लिये राइट टू वर्क फर्स्ट फेज में शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्स का देना होगा। सैकेंडरी मान लीजिये कि नहीं दे सकते तो जिस तरह से महाराष्ट्र में एम्प्लायड गारंटी स्कीम है, उसी तरह से हर हरिजन को, हर आदिवासी को यह एन्स्योरेन्स दें कि उनको एम्पलायमेंट की गारंटी हो सकती है। अगर ऐसा किया गया, तो भी काम चल सकता है।

इसके बाद एक बात और है और यह रिजर्वेशन के बारे में है। कांस्टीट्यूशन में रिजर्वेशन दे दिया गया लेकिन उसमे भी शार्टफाल है। इसमें भी चोरी हुई है और जितना रिजर्वेशन मान्य था, उसमे शार्टफाल है और उसके लिये यह कह दिया कि ये योग्य नहीं, ये काबिल लोग नहीं हैं। इसलिये मेरा कहना यह है कि रिजर्वेशन को स्टेट्यूटरी किया जाए। हम जनता सरकार को धन्यवाद देते हैं कि जो संविधान संशोधन प्रस्तुत होगा, 46वां संविधान संशोधन आएगा उसमें यह जो हरिजन और शैड्यूल्ड कास्ट्स कमिशन है, उसको हम संवैधानिक गारंटी देंगे। यह बहुत बड़ी बात है। जनता सरकार इसमें बहुत कुछ नहीं कर पाई है लेकिन इतनी बात तो है कि आज पहली बार यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन का चेयरमैन जो है, वह एक हरिजन भाई है। यह हमारे लिये एक गौरव की बात है, इसलिये सोचने की बात है कि आज हमें आर्थिक गारंटी देनी होगी, तो रिजर्वेशन को स्टेट्यूटरी बनाना होगा, केवल एक्जीक्यूटिव आर्डर से बात नहीं चलेगी।

यह तो आर्थिक पक्ष हुआ लेकिन जैसा मैंने निवेदन किया था, यह जो अस्पृश्यता का प्रश्न है, केवल आर्थिक प्रश्न नहीं है। यह सामाजिक प्रश्न है और जैसा गांधी जी ने कहा था कि वह हिन्दू समाज का सबसे बड़ा कोढ़ है उन्होंने कहा था कि मैं अगर फिर जन्म लूं, मेरा पुनर्जन्म हो मनुष्य कुल में, तो उन्होंने हरिजन भी नहीं कहा था बल्कि यह कहा था कि मैं भंगी के घर में जन्म लूं, मेरा जन्म भंगी के कुल में हो। इसीलिये जब तक सामाजिक रूप से प्रहार नहीं किया जाएगा, तब तक कुछ नहीं होगा और यह हरिजनों की समस्या जो है यह कुत्सित और गर्हित जाति व्यवस्था का कलंक है और जब तक जाति व्यवस्था रहेगी तब तक हरिजन समस्या को हिन्दू जाति से अलग नहीं किया जा सकता और यह जाति व्यवस्था है क्या? वर्ण व्यवस्था विकृत हो गई है और वर्ण व्यवस्था के नाम पर यह वर्ण अव्यवस्था हो गई है। इसलिये यह समस्या आई। मैं नहीं जानता कि कानून से कहां तक यह हो सकता है लेकिन यह सोचने की बात है कि क्या जाति प्रथा का अन्त हो सकता है? मैं श्री काका कालेलकर से बात कर रहा था तो उन्होंने एक बहुत बड़ी बात कही जिसकी ओर मैं इस माननीय सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा और वह यह है कि हिन्दू सोशियोलोजी का कैसे विकास हुआ। शुरू में एक ही गोत्र में विवाह करते थे लेकिन जब एक गोत्र में विवाह होने लगा, तो एक गोत्र के लोग दूसरे गोत्र से झगड़ा करने लगे। तब हिन्दू सोशियोलाजिस्ट दूसरे हिन्दू रिलीजन ने यह निर्देश दिया :

सगोत्र विवाह वर्जितम्

एक गोत्र में विवाह नहीं हो सकता। इसका कारण यह था कि एक गोत्र अगर दूसरे गोत्र में विवाह करेगा तो दोनों में प्रेम हो जायगा। यह हिन्दू सोशियोलाजी से होगा या सरकार के कानून से होगा, यह मैं नहीं जानता लेकिन यह सोचने की बात है कि जब तक सजातीय विवाह बन्द करने के लिये कोई विधान नहीं होगा सामाजिक या राजनीतिक, तब तक जाति प्रथा को भगवान भी समाप्त नहीं कर सकेगा और जब तक जाति प्रथा समाप्त नहीं होगी तो अस्पृश्यता को कोई भी गांधी या डा० अम्बेडकर भी समाप्त नहीं कर सकेंगे। इसीलिये मैं यह कहता हूं कि इसके राजनीतिक पहलू पर ध्यान देने की आवश्यकता है। और राजनीतिक पहलू है। मैं यह अवश्य कहूंगा कि रिजर्वेशन की जो हमारे हरिजन और आदिवासी भाई बात करते हैं, वे निर्णायक पदों में रिजर्वेशन की बात करें। वे प्रधान मंत्री में, मंत्रियो में रिजर्वेशन की मांग करें। जब तक उन्हें निर्णायक पदों में रिजर्वेशन नहीं मिलेगा तब तक कुछ नहीं होगा।

अन्तिम बात मैं यह कहूंगा कि हरिजन समस्या का सवाल शिक्षा से जुड़ा है। दुर्भाग्य है कि इस देश में महर्षि वाल्मीकि के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम राम से एक शूद्र शम्बूक का वध कराया गया। सभापति महोदय उस व्यक्ति का एक ही अपराध था कि वह शूद्र था और वेद पढ़ रहा था। आज से पांच हजार वर्ष पूर्व यह रूप था शिक्षा का। कितनी शिक्षा विकृत हो गई थी।

तेजस्विनावधीतमस्तु।

शिक्षा तो तेजस्वी होती है। लेकिन आज उस शिक्षा को क्या हो गया है? इसलिए मैं भारत

[डा० रामजी सिंह]

सरकार और राज्य सरकारों से यही कहूंगा कि हरिजनों को जहां फ्री एजुकेशन आप दे रहे हैं वहीं एजूकेशन के साथ उनके खाद्य की भी व्यवस्था कीजिए । एक सुअर या भैंस चराने वाला तभी शिक्षा ग्रहण कर सकेगा जबकि उसे खाद्य भी उपलब्ध हो । आप किसी को छात्रवृत्ति दे कर पढ़ाने नहीं बिठा सकते हैं । जीने के लिए उसे दाने भी चाहिएं और जब तक गरीब को खाना भी साथ नहीं मिलेगा तब तक वह शिक्षा ग्रहण करने योग्य नहीं होगा ।

इसलिए इस समस्या पर आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और नैतिक चारों पहलुओं से प्रहार करने की आवश्यकता है । जब तक यह नहीं होगा जब तक सांस्कृतिक पुनर्जागरण नहीं होगा, जब तक सांस्कृतिक क्रांति नहीं होगी तब तक हरिजन समस्या का समाधान भी असम्भव है । मुझे विश्वास है कि हमारे गृह राज्य मंत्री श्री धनिक लाल मण्डल जी जो कि पहले से ही प्रतिबद्ध हैं, वे सचमुच में इस दिशा में भी कुछ करेंगे जिससे कि इन लोगों को न्याय मिले ।

**श्री मंगल देव (अकबरपुर)** : सभापति महोदय, मुझे प्रसन्नता है कि इतने दिनों के अनुरोध के बाद इस रिपोर्ट पर बहस करने के लिए सरकार ने इजाजत दी । मैं नहीं समझता कि माननीय मण्डल जी के होते हुए भी तीन तीन वर्षों तक ये रिपोर्टें पड़ी रहें और इन पर बहस करने के लिए जब माननीय सदस्य सरकार पर दबाव डालें तब उन पर हाउस में चर्चा हो । अगर इन पर पहले ही चर्चा हो जाती तो कोई नुकसान नहीं होने वाला था ।

दो-तीन दिन तक बहस सुनने के बाद सरकार को इस नतीजे पर पहुंचना होगा कि कमिश्नर ने जो रिपोर्ट दी है उसमें कोई ऐसी समस्या नहीं बची है जिस पर रिपोर्ट में चर्चा न की गयी हो और उस रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान यहां पर चर्चा न की गयी हो । इसके सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि इस रिपोर्ट पर यहां पर केवल चर्चा कर लेने मात्र से सरकार की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती । यह मैं मानता हूं कि सरकार ने बहुत काम किये हैं और पिछली सरकार ने भी । लेकिन सवाल यह उठता है कि गांवों से ले कर दिल्ली तक हरिजनों की समस्याओं को हल करने के लिए जो एजेन्सी है, और उनकी जो समस्याएं हैं उनको एक साथ कैसे हल किया जा सकता है ? मैं मानता हूं कि केन्द्रीय सरकार कुछ बजट दे देती है, कुछ कानून बना कर अधिकार भी दे देती है । लेकिन अगर इरादा कमजोर हो, इरादे में गड़बड़ हो तो काम नहीं चल सकता । डा० रामजी सिंह ने कहा कि इस देश के लोगों का विशेषकर हिन्दू समाज का दिमाग पुराने संस्कारों से ग्रस्त है । जब तक हम इस समस्या पर ठीक से नहीं सोचेंगे तब तक इस समस्या को हल नहीं किया जा सकता है । चाहे इस सदन के माननीय सदस्य हों, चाहे मंत्री हों, चाहे लाखों लाख आदमी हों, उन सब का दिमाग इस बारे में साफ नहीं हुआ है । मैं नहीं समझता कि जब तक हिन्दू समाज में या हिन्दू धर्म में सोचने के ढंग में परिवर्तन नहीं आता तब तक इस देश में छुआछूत बन्द होने वाली है । हमारे देश में भाग्य के आधार पर, पुनर्जन्म के आधार पर सारी संस्कृति बिछी हुई है और उसी में सभी लोग सांस ले रहे हैं । धर्माचारियों के बारे में यहां चर्चा हुई है, जगत गुरू के बारे में, जय गुरुदेव के बारे में—चर्चा हुई है और न केवल यहां के गुरुओं बल्कि बाहर के पोंगा पंथियों के बारे में भी चर्चा होती है और यहां तक कि सरकार के केबिनेट के जो मंत्री हैं, या वरिष्ठ लोग हैं उनको ही आप देखें, वे इन संस्कारों से किस तरह से बंधे हुए हैं, यज्ञों आदि में किस तरह सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और उनको प्रोत्साहन देते हैं और जब ऐसी बात है तो भाग्यवाद, जातिवाद, छूआछूतवाद से कैसे छुटकारा मिल सकता है ।

दो दिनों से इस पर चर्चा हो रही है । कोई विषय ऐसा नहीं बचा है जो इस चर्चा के दौरान उठाया न गया हो । हम लोगों में भयंकर बेरोजगारी है उसी बेरोजगारी की वजह से हम गरीब हैं और हमारी गरीबी है उसी गरीबी की वजह से हमारा शोषण भी होता है । बेरोजगारी को खत्म कर दिया जाए तो इन सब कष्टों से हम लोगों को मुक्ति मिल सकती है ।

सरकारी नौकरियों की बार बार चर्चा होती है । ऐसा लगता है जैसे यह मांगी हुई चीज हो । या तो डर के मारे या कानूनी तौर पर कुछ नौकरियां दे दी जाती हैं । अगर बहस करके कोई लेना चाहे तो नहीं मिल सकती है । अधिकांश अफसर आपके द्वारा बनाये गये कानूनों का पालन नहीं करते हैं । बड़े अफसरों को आप सजा देने की जरूरत महसूस नहीं करते हैं । क्या यह सबूत नहीं है कि जातिवाद का बोलबाला है या भाई भतीजावाद चलता है या पार्टीबाजी चलती है । सब उसमें ग्रस्त हैं । मुजफ्फरनगर जिले के कलैक्टर की चर्चा किसी ने की थी । माननीय राजनारायण जी जब मंत्री थे तब उनके स्टाफ का कोई पी० ए० या अफसर जान बूझ कर वहां भेजा गया था । दो दो शैड्यूल्ड कास्ट के कलैक्टर पंद्रह पंद्रह या बीस बीस दिन में ट्रांस्फर कर दिये जाते थे । मुजफ्फरनगर में जो काण्ड हुआ निश्चित रूप में जिला अधिकारी चितरांगद सिंह उसके लिए जिम्मेदार थे । यह बताना भी जरूरी है कि राज नारायण जी का उनको बचाने में हाथ था । आगरा काण्ड के बारे में या मराठवाड़ा कांड के बारे में मैं कुछ नहीं कहता हूं । इस तरह जिन गरीबों का उत्पीड़न होता है उनसे इनको बचाने के लिए सरकार का इरादा हो, ऐसा मालूम नहीं पड़ता । हाउस में बहस होती है । कानून बनते हैं लेकिन अगर

कम होता है । मा० मंडल साहब केबिनेट तक पहुंचा सकते हैं हमारी बातो को । कैबिनेट की संयुक्त जिम्मेवारी होती है । जिस विभाग की चर्चा हो रही है उस विभाग के ही अभी यहां मंत्री नही थे । यह सरकारी जो रिपोर्ट है यह हर मंत्री और हर विभाग से सम्बन्धित है । जब तक गवर्नमेंट जिम्मेदारी नही लेगी, कुछ नहीं होगा । सब को ज्वायंट रिसपांसिबिलिटी लेनी होगी । आर्य साहब अभी यहां थे । उन से मैं निवेदन करना चाहता था कि कुटीर उद्योग, अन्त्योदय आदि के मामलो मे वित्त निगमो के जरिये आप गरीब लोगो की सेवा करना चाहते हैं । हिन्दुस्तान में बैंको का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया है । लेकिन कोई बैंक क्या आपकी सलामी लेता है, क्या आपका हुक्म मानता है? गरीब जाता है अन्त्योदय का पैसा उसको तब तक नही मिलता है जब तक वह घूस नही दे देता है। भ्रष्टाचार और बेईमानी वहां पर फैली हुई है । आपका अंकुश नही है । प्रधान मंत्री को दो महीने पहले मैंने पत्र लिखा था और वित्त मंत्री को भी लिखा था कि इस तरह की चीजो को रोका जाए क्योंकि इस तरह की चीजो को रोके बिना आप की सुन्दर योजना नीयत साफ होने के बावजूद भी गांवो में नही फैल रही है और चकनाचूर हो रही है । इस ओर आप ध्यान दें ।

जहां तक पदोन्नतियो का सम्बन्ध है कानून होते हुए भी उन्हें नहीं दी जाती है । दो चार केस हम आप को देंगे, सबूत हम आपको देंगे, बेईमान लोगो को हम पकड़वा देंगे लेकिन सजा देना तो आप का ही काम होगा और मैं आप को धन्यवाद दूंगा अगर आप ने सजा दी ।

मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि भूमि सधारों को आप ने नवी अनुसूची में शामिल कर लिया है। इसी तरह से प्रोमोशन मे रिजर्वेशन है, उसे भी नवी सूची में लें और इसके खिलाफ अपील नहीं होनी चाहिये । जो कायदे कानून है उनके मुताबिक प्रोमोशन में रिजर्वेशन मिलता है । यह केन्द्रीय सरकार की बडी उदारता है कि यह मिला हुआ है । लेकिन वहां बैठा हुआ जो अफसर है वह खिलाफ अपील करवा देता है। पोस्टिंग आर्डर देने के पहले ही उसकी नकल दे कर अदालतो में अपील करा देता है । पोस्ट मास्टर जनरल यू पी के बारे में आपके पास शिकायतें आई हुई हैं । इस तरह की चीज के खिलाफ रिट दाखिल करने की इजाजत नही होनी चाहिये । कानूनी दृष्टि से आप इस पर विचार कर लें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन गरीब को जब कोई जगह मिलती है तो उसके खिलाफ रिट में जो कोर्ट वगैरह में चला जाता है इसको आप को देखना चाहिये । लैंडलार्ड वहां तमाम रिट में जा चुके हैं । सीलिंग के खिलाफ जा चुके है । 1 लाख 14 हजार कैसिस ट्रिब्यूनल्स में, हाई कोर्ट मे सुप्रीम कोर्ट में पेन्डिंग है भूमि सम्बन्धी और उस जमीन के सम्बन्ध में जो 1962 में सरप्लस हो कर सीलिंग से निकल जानी चाहिये थी । आपको देखना होगा अदालतों के बारे में कि हमारी अपील कहां तक जाती है । सीलिंग टोटल फेल्योर साबित हुई है । आप राज्य सरकारो को हुक्म कर देते हैं, मा० बरनाला साहब हुक्म कर देते हैं लेकिन कौन मानता है । मेरा निजी अनुभव है कि राज्यो के चीफ मिनिस्टर नहीं मानते हैं, वहां के हाई कोर्ट्स के जज नहीं मानते हैं । और दोनो जमीन में गड़बड़ करते है । जो सरकारी जमीन भूमिहीन लोगो को मिलनी चाहिये थी, 14, 15 साल मे उसकी नवैयत बदल बड़े बड़े लोगो ने हड़प लिया है । इसलिए भूमि सम्बन्धी कानून आपको फिर से बनाना चाहिए । कुटीर उद्योग की बात कर के जमीन के मसले से ध्यान नहीं हटाया जा सकता है । जमीन पसीना बहाने वाले की है । उसके पास जमीन आनी होगी, इस पर आपको विचार करना होगा । धार्मिक स्वतंत्रता बिल जब आयेगा तो उस पर चर्चा होगी । लेकिन हमारे ऊपर जो उत्पीड़न है उसकी जिम्मेदारी कौन लेता है ? सारे देश में चाहे छात्रवृत्ति हो, चाहे मजदूरी के नाम पर हो, कुर्सी पर बैठना हो, गरीब आदमी अपनी चारपाई पर नही बैठ सकता, किराये की घोड़ी पर नहीं जा सकता बारात में क्योंकि पिछले संस्कारो से ग्रसित होने के कारण उच्च वर्ग के लोग इन बातो को बर्दाश्त नही करते है ।

आगरा कांड हो, या मुजफ्फरनगर कांड हो, दूसरे प्रान्तो में भी मै ने वही हाल देखा है । अभी मुझे सुन्दरवन मारीच आदि जाने का मौका मिला था, वहा आज भी 15 हजार के करीब शरणार्थी है और उनमें 99 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग ही है । उनके उत्पीडन की चर्चा यहां हुई होगी, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार ने उनके साथ क्या व्यवहार किया उसको न कह कर मैं इरादे के बारे में कहना चाहूंगा । देश में कोई भी सरकार को वह हिन्दू जाति और धर्म से ग्रसित है और समस्या को समझने का इरादा नही है । आप चाहें सी० पी० आई० या सी० पी० एम० की सरकार कहें वह भी गरीबों के खिलाफ है । इनके इरादे पीढ़ियो से खिलाफ बने हुए हैं, उसमें कोई रद्दोबदल नहीं होती है । कानून का किस खूबसूरती से उल्लंघन किया जाता है इसकी मिसाल में सीलिंग ऐक्ट हमारे सामने है । इरादा नहीं है ।

हमारे मित्रों ने कल और आज इस पर चर्चा की । मैं माननीय मण्डल से कहूंगा कि वह इन विचारों को कैबिनेट तक पहुंचा दें । कोई चीज धीरे धीरे चलती है और बाद में तेज हो जाती है । मै कहना चाहता हूं कि रोज छात्रवृत्ति पर हम झगड़ा करने वाले नहीं हैं, गरीबी पर झगड़ा करने वाले नही हैं, डा० साहब अम्बेदकर के नाम पर झगड़ा करने वाले नहीं हैं, आगरा मुजफ्फर-नगर, और बेलची कांड पर झगड़ा करने वाले नहीं हैं । हमारा झगड़ा अगर होगा तो लंबा होगा और अन्तिम होगा । अगर देश की सरकार और

[श्री मंगल देव]

जनाब जल्दी नही समझता और हमारी भाषा नहीं समझ सके तो जिस भाषा में आप समझते होंगे उसी भाषा में एक दिन गरीब बोलेगा और वह कहेगा कि हमें रद्दी से रद्दी जमीन दे दो, उत्तर प्रदेश और बिहार के सूबे हमें दे दो, हम अपनी स्थिति स्वयं सुधार लेंगे। देश में हमारा हिस्सा बांटों। ऐसा युद्ध अगर छिड़ेगा तो आपको महंगा पड़ेगा। हम मेहनत करते हैं, पसीना बहाते हैं, लेकिन हमारे साथ वही मजाक। लेकिन वह ज्यादा दिन तक चलने वाला नही है। मैंने इशारा किया कि अगर केवल रिपोर्ट पर चर्चा हो गई, कागज मे कानून बन गया, मंत्री जी का वक्तव्य हो गया, उससे हमें सन्तोष होने वाला नहीं है। गांवो में, मोहल्लो मे, स्कूल में क्या हो रहा है यह हमें देखना होगा। मै माननीय मण्डल साहब की सरकार को धन्यवाद देता हूं कि थोड़ी सी चर्चा करने के लिए, रोने के लिये, पिछली बातें दोहराने के लिए एक चर्चा हो गई। और अलग मंत्रालय की बात पिछले दो सालो से चल रही है। लड़को के स्कालरशिप के बारे में चर्चा चल रही है कोई नई बात आज हमें कही गई हो तो मुझे याद नही है। सरकार और अफसरों की भी आदत पड़ गई है, एक भी कलेक्टर, एस० पी० को सजा नही दी गई। जब कि प्रधान मंत्री ने सारे प्रान्तो को लिखा था। लेकिन कलेक्टर और एस० पी० को बचाने के लिये सदा कोशिश की जाती है। मैंने जैसे अभी उदाहरण दिया नाम ले कर उसकी जांच होनी चाहिये। कि हमारे लोग खराब से खराब बेईमान अफसरो को संरक्षण देते हैं और तमाम गुंडों को सरक्षण देते हैं। गांव में जो तबाही है, उनकी उसमे साजिश रहती है और वहां चिकनी-चिकनी बातें होती हैं।

सभापति महोदय, में आपका धन्यवाद दूंगा कि आपने मुझे बोलने का समय दिया और माननीय मंडल जी से हाथ जोड़कर प्रार्थना करूगा कि आप सरकार में वरिष्ठ और समझदार आदमी हैं, अपने कैबिनेट के साथियों को समझायें कि हमारे लोगो को केवल संतोष ही न हो, बल्कि सही-सही काम हो।

*SHRI KRISHNA CHANDER HALDER (Durgapur): Mr. Chairman Sir, we are discussing the report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes for the years 1974-75 1975-76 and 1976-77. While participating in the discussion I want to place a few things before you briefly. Many hon. Members have mentioned about the atrocities committed on the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people in various parts of the country. They have spoken in this Lok Sabha about their heart-felt injustices meted out to these people whether, social, or political or economic. Naturally the present state of affairs should not be allowed to continue. In the reports pertaining to the years 1975-76 and 1976-77, 96 recommendations have been made. Within the time at my disposal, it is not possible to go into all of these in detail. But some hon. Members while discussing them have narrated the problems faced by them collectively. I feel that we should not approach this issue as merely a Scheduled Castes and Scheduled Tribes problem, because these people constitute a big section of our total population. Whereas 70 per cent of our population live below the poverty line, a majority of them belong to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (SCST) About 95 per cent of them belong to this category. This problem has to be studied today from three angles, economic, social and political. It has to be studied from an overall national point of view so that the problem may be solved once for all.

Sir I have figures about tha representation of SCST people in various Government Departments and Public undertakings. These have already been mentioned and I do not want to repeat them. The service quota has no where been properly fulfilled except in the Class IV category. The question is why is it so? I do not want to go into the origin of the caste system in our country. For the last several centuries there was feudal land system in our country. There was feudal society and feudal economy and the social and political conditions from which the British imperialism derived their policy of administration and exploitation. They devised the policy of divide and rule not only among the majority and minority communities but the scheduled castes and scheduled tribes were also a prey of this policy. Through this

*The original speech was delivered in Bengali.

policy they exploited our country to the utmost.

Our national Government did not approach this problem from a national outlook during the last 30 years. The outlook with which the Janata Government has also approached this problem during the last two years has not enabled them to reach to the roots of the problem. Rather we are sorry to see that through the incidents that took place at Delchi and other places, the problem is assuming more acute form. As one hon Member said, an economic solution should be found to this problem. This can be possible through radical land reforms. If land is distributed to the actual tillers, then these 95 SC/ST people who live below the poverty line will get land and will be able to earn their livelihood and lead a better life Some one said here that this has assumed the form of a slogan and nothing can be achieved through it. I am sorry to say that he wants to support the feudal system of society. The social injustices meted out to these people have to be identified and removed. Although we speak about nationalism, nationalism has not yet properly bloomed in our country. Do we all think today in the capacity of 'Indians'? If we could do that, then the SC/ST people would not have been deprived of their rights as human beings. We see that in Bihar, Orissa, Madhya Pradesh and Rajasthan our SC/ST brethren treated as *sub-humans* may like beasts. All human rights are denied to them. We must look to these people from the human angle. They should all be treated as Indians. These people have a right to appeal and demand their rights from the majority communities. At the same time I will say that we have many problems economic, social, political and minority communities like Muslims, Christians etc. approach these problems from narrow communal angles then no solution can be found to them. Similarly if the leadership of the SC/ST people try to approach the problem from narrow partisan angle, then the conflict will become more severe and elude any solution. Mr. Kamble said that when we fight this problem we shall have to forget our parties and organisations. We should only consider ourselves as Members of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. I think that this will also not solve the problems, rather this line of thinking will make the conflict more acute. Some people advocate that the solution of the casteism and untouchability problems is to be found in a caste struggle. I am not one with them. Today a large majority of the SC/ST people are either agricultural labour, or sharecroppers or they work in mills and factories in the cities or they work as sweepers and scavengers and carry night soil on their heads to keep the city clean. So we see that they are all hard working people. The majority communities are exploiting them. They do not want a permanent solution of the SC|ST problem, They do not want that every member of the minority community people should find employment. Some hon. Members have spoken earlier about 'right to work'. Yes, if 'right to work' is enshrined as fundamental right in the Constitution then many problems will find a solution. The just demands of the SC/ST brethern for reservations in services can be considerably reduced thereby. The demands from communal angles can be reduced considerably. The vested interests want to perpetuate the feudal system with a view to get cheap labour in the fields. The capitalists want to bring about a division in our ranks with a view to get cheap labour in the factories. To put an end to this class exploitation, we should organise a united front against these exploitors and vested interests. We should invite all farmers, workers, muslims, Christians and all other exploited people among the higher castes and present an extensive united front to the vested interests who have exploited, tortured and oppressed the

[Shri K. C. Halder]

poor masses and who want to maintain their massive structure of class exploitation. A massive and united class struggle is the only solution to demolish this social, economic and political structure of class exploitation. Unless this entire structure of exploitation is demolished, these problems will elude solution. The Government should honour the sentiments of the SC|ST people and concede their demand for a separate Ministry to look after their interests. In my State of West Bengal a separate Ministry has been set up for the upliftment of the SC|ST people. For their betterment, they have to be given land. I am proud to say that our Government is going to fix a minimum wage for agricultural labour. Our Government has made provision for allotment of home site for all those who have no home-site. My Government has passed legislation for 'record of right' in respect of all sharecroppers. Through these measures the West Bengal Government have kept up their effort for the amelioration of the conditions of the exploited and oppressed people.

Sir, comrade Mangal Deo spoke about Marich-jhonpi, I do not wish to go into that just now. That is a refugee rehabilitation problem. It concerns the displaced persons from Bangladesh who sacrified their everything for the freedom of our country. Those who sing the victory song of their lives at the foot of the gallows. To bring them succour, to rehabiliate them, was a part of our national duty and obligation. If they were properly cared for either by the Congress Government or the present Janata Government at Dandakaranya, then they had no reason for deserting Dandakaranya. The Centre does not seem to consider sympathetically the demands of the West Bengal Government for proper rehabilitation of these refugees which in fact is a national problem. I will request all the SC|ST people and their leadership to give up narrow outlook.

I support the statement of Babu Jagjivan Ram at Hyderabad, that 30 years have passed and it has not brought any improvement in the conditions of the SCST people. Perhaps another 30 years will be needed to bring them upto the level of other higher classes. Therefore I want the continuation of the reservations and other constitutional safeguards for the SCST people. I will again appeal to the SCST people and their leaders to give up narrow outlook and to take up a united struggle to demolish the social and political strucure based on exploitation of man by man. Let us try to forge a new relationship in the whole country as between one Indian and another between one human being and another, which is not based on caste, creed or religion; not as Muslims or Christians or Scheduled Castes or other castes but only as Indians. If we can do that, then that will be the only permanent solution to all these age old problems.

SHRI JANARDHANA POOJARY (Mangalore): Sir, I rise on a point of order. There will be a Calling Attention at 6 o'clock and only 14 minutes are left. But even now we have not been furnished with the statement. We have to formulate questions also, but no statement has been furnished so far and it is already 5.46 p.m

MR. CHAIRMAN: I shall come to that point at 6 O'clock.

MR. FALEIRO.

SHRI EDUARDO FALEIRO (Mormugao): Sir, my name is there, but you may kindly excuse me and allow me not to participate because I have to attend to some other important work.

MR. CHAIRMAN: All right.

श्री राम नरेश कुशवाहा (सलेमपुर) : माननीय सभापति जी,

कौम के डर से बिखर जाते हैं इन्सान की बात
रंग कौसर की बहुत हैं मगर आदम के साथ ।

हम लोग यहां पर बहुत हल्ला कर रहे हैं हरिजनों के लिए उनके लिए बहुत आंसू बहा रहे हैं और आगे पता नहीं क्या क्या करेंगे लेकिन वास्तविकता यह है कि हरिजनों के पास कोई चीज नहीं पहुंचती है। हरिजन समस्या का जो मूल कारण है उसकी ओर हम ध्यान नहीं देते हैं। जब तक आप उन सामाजिक, आर्थिक कारणों को दूर नहीं करेंगे, जब तक आप स्वयं उस कार्य में नहीं लगेंगे तब तक केवल कानून बना देने से और आदेश जारी कर देने से कोई काम बनने वाला नही है। हरिजनो पर पांच हजार साल पहले से अत्याचार हो रहे हैं लेकिन एक बात से मैं इस रिपोर्ट से सहमत हू, मैंने रिपोर्ट पढ़ने से पहले ही कहा था कि हरिजन और सवर्ण का झगड़ा सौ वर्ष पहले आपको कही नही मिलेगा, उस का कारण यह था कि हरिजन चाहे जितना मार खायें उन में हिम्मत नहीं थी कि बोल सकें। लेकिन जब से उस को थोड़ी-थोड़ी राहत मिलने लगी है, वह अपने अधिकारों को कुछ समझने लगा है, अब उस के ऊपर अत्याचार होता है तो वह उस के खिलाफ बगावत करता है। उस को बगावत करनी भी चाहिए। हमारा और आप का भी कर्तव्य है कि उस से बगावत करवाये। जो लोग सदियो से इन लोगो को दबाते, मारते और लूटते रहे हैं वे आज भी चाहते है कि वे दब कर रहें, उन की मर्जी के मुताबिक ही चलें। ऐसी परिस्थिति में झगड़ा तो होगा ही। आप को चाहे जितनी चिन्ता हो कि इस तरह के जो झगड़े हो रहे हैं वह बुरे हैं लेकिन इस तरह के झगड़े हमारे लिए अच्छे है।

रफीको से रकीब अच्छे, जो जलकर नाम लेते हैं,
गुलो से खार अच्छे हैं जो दामन थाम लेते है।

यदि आप संरक्षण नहीं दे सके, यदि आप उनके दुःखों को दूर नही कर सके तो वे खुद हथियार उठाकर उस की कोशिश करते हैं जिस में कुछ कुर्बानि भी हो जाते हैं। बिना कुर्बानी के कोई चीज मिलती भी नही है। इसलिए मैं चाहता हू कि गाव गांव में अगर हरिजन दबाए जाते हैं तो व बगावत करें और गृह मंत्री जी उन की मदद करें। लेकिन आप मजबूर है, आप मदद नही कर सकते हैं क्योंकि आप के कानून और आप की अफसर-शाही इस प्रकार की नहीं है। आप कहें तो मै आप के अफसरों की स्तुति किया करूं क्योंकि उन की निन्दा करके, उन का विरोध कर के हम देख चुके हैं। आज कोई भला आदमी चाहे निर्भय हो या न हो, आप के जातिवादी अफसर पूरे निर्भय हैं। अगर आप ने नौकर-शाही को इसी तरह से बढ़ावा दिया तो निश्चित रूप से हमारा और आप का नाश होने वाला है। आप देखिये—आप की नाक के नीचे—सर गंगा राम अस्पताल है। वहां 1976 में एमर्जेन्सी के दौरान हरिजनों और सवर्ण लोगों को अलग करने के लिये एक दीवार बनाई गई—छूत की दीवार। आज दो वर्षों से आप गद्दी में बैठे हुए हैं—आप ने क्या किया ? मैं आप से पूछना चाहता हूं—संविधान के अनुसार यह अस्पृश्यता जुर्म है या नहीं है ? अस्पृश्यता निवारण कानून के अनुसार यह जुर्म है या नहीं है ? दिल्ली का प्रशासन तो आप के कार्यक्षेत्र में आता है, आप की सरकार के मातहत है—बतलाइये आप ने क्या किया ? आप सीधे-सीधे उस का पृष्ठ-पोषण कर रहे हैं अन्यथा आप को चाहिये था कि उस को गिरवा देते। श्रीमन्, अगर आप नहीं करेंगे तो हम संसद् सदस्यों को मजबूर हो कर—हम जो हरिजन समस्याओ से जूझने वाले लोग हैं, हम को खुद जा कर उस को गिराना होगा और आप को हम लोगों को गिरफ्तार करना पड़ेगा—यह बात आप अच्छी तरह से समझ लीजिये।

मैं एक बात आप से और कहना चाहता हूं—अभी विशारद जी ने भी उस की तरफ इशारा किया था—वह है—धार्मिक स्वतन्त्रता बिल। हम हिन्दू क्यों हैं—केवल इसलिये कि हम राम राम करते हैं, लेकिन अपनी बनाई हुई चारपाई पर हम बैठ नही सकते, इतनी दुर्दशा हमारी हो चुकी है। जिस दिन हम खुदा के बन्दे बन जायेंगे या ईसा मसीह के बन्दे बन जायेंगे—उस दिन हम को बराबरी का सब हक मिल जायगा। तब तो फिर हमारा भला इसी में है कि हम हिन्दू धर्म को छोड़ कर चले जायें और शायद आप भी यही चाहते हैं क्योंकि हिन्दू धर्म में रह कर आप हमारी रक्षा नही कर सकते है। मै आप से पूछना चाहता हू—जिस खजाने में कहीं से एक पैसा आने वाला न हो और रोज उस मे से खर्चा होता चला जाय—तो क्या वह खजाना बना रह सकता है, कभी न कभी तो वह खत्म हो ही जायगा। यही हालत आज हिन्दू धर्म की है। अगर आप किसी को हिन्दू बना भी देंगे तो किस जाति मे उस को रखेंगे ? है कोई माई का लाल —जो बतला दें— कि उस को किस जाति में रखना होगा, उस के लिये तो आप को अलग से जाति बनानी पड़ेगी। अगर आप का लड़का किसी ईसाई लड़की से या मुसलमान लड़की से शादी कर ले तो उस को मुसलमान या ईसाई बनना पड़ेगा और यदि कोई लड़की शादी कर ले तो भी वह हिन्दू धर्म में नहीं रह सकती—आप का लड़का भी जायेगा और लड़की भी जायेगी। जब तक ये धर्म के ठेकेदार पंडित डंडा लेकर मन्दिरो में बैठे रहेंगे—आप का यह हिन्दू धर्म हिन्दुस्तान में बच नही सकता। इस सब के लिये कौन जिम्मेदार है ?

आप देखिये—19वीं सदी में बंगाल में हिन्दूओं का बहुमत था—तब कैसे वहां मुसलमानो का बहुमत हो गया। अगर इसी तरह से चलता रहा तो सारे देश में एक दिन दूसरे धर्मों क बहुमत तो आयेगा। हिन्दू धर्म और हिन्दुत्व का नारा लगाने वालों के मन में हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये यदि तनिक भी ईमानदारी है तो उन को हिन्दू धर्म में जाति और वर्ण के नाम पर जो अत्याचार हो रहे है—उस को बन्द करना होगा, तब हिन्दू धर्म बचेगा, वरना यह धर्म इस देश में रहने वाला नहीं है।

अब मैं कर्ज की बात कहता हूं—बड़ा शोर सुनते थे पहलू में दिल का, जो चीरा तो इक कतरे खूं निकला। बड़ा शोर मच रहा है— अन्त्योदय का। उन को जीविका के साधन देने जा रहे हैं, बड़ी बड़ी स्कीमें बनाई जा रही हैं, उन को कर्जा देंगे—लेकिन उन की जमानत कौन देगा ? मैं अपने क्षेत्र में गया था—सुना था कि अन्त्योदय का रुपया बट रहा है, लेकिन किस को मिल रहा है—उन की जमानत देने वाला कोई नहीं है। इस लिए बी० डी० ओ० ऐसे लोगों को खोज खोज कर भेजता है जो किसी का हलवाहा हो, उस की जमानत दे देते हैं—और नहीं तो फिर उन को नहीं मिलता है और वे लोग आधा आधा बांट लेते हैं। तो मैं आप से पूछना

[श्री राम नरेश कुशवाहा]

चाहता हूं कि आप बंधुआ मजदूरी कैसे रोकेंगे, जरा इस को हम को समझा दीजिये। उन को किसी तरह का आप काम नहीं दे सकते, कर्ज एक नया पैसा नहीं दे सकते, उन को श्राद्ध करना है और बेटा-बेटी की शादी करनी ही है, तो फिर वे कर्ज लेंगे ही और शरीर को बन्धक रखेंगे। वह कहेंगे कि बाबू, हम अपना शरीर बन्धक रखते हैं, आप का काम करेंगे और उस से जो कर्जा आप देंगे, वह भर देंगे। आप जरा मुझे समझा दीजिए कि इस बंधुआ मजदूरी का उपाय आप ने क्या किया है? कौन सा नियम आप ने बनाया है और नहीं तो कहेंगे कि बंधुआ मजदूर आप बनाइए, गांवों के अत्याचार को आप छोड़ दीजिये। केवल आप उन के शरीर की जमानत लीजिए और काम करवा कर पैसा भरवाइये। *अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो क्या गांवों के चाण्डालों* को आप इन्हें सौंपना चाहते हैं? इस से उन को कोई फायदा नहीं होने वाला है और न कोई काम ही होने वाला है।

अब रही आरक्षण की बात। उस के बारे में मैं क्या कहूं। आरक्षण में इतनी बेईमानियां होती हैं, जिस का कुछ कहना नहीं। मैं आप को बताना चाहता हूं कि आई० एस० और आई० पी० एस० की जगहों को आप देखें। आई० ए० एस० में कुल 3237 पोस्ट्स हैं जिन में 277 हरिजन हैं जो 8.56 परसेन्ट बैठता है और इसी तरह से जनजातियों का कुल 4 08 परसेन्ट है। ये फीगर्स पहले की हैं। तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि इन 30 सालों में आप ने लगभग 8 परसेन्ट किया है, तो यह जो 18 परसेन्ट है, यह कब पूरा होगा? ये कितने दिनों में पूरा होगा।

मैं एक बात और इसी सम्बन्ध में कहना चाहता हूं कि जब इस देश से अंग्रेज गये, तो कितने काले लोग योग्य थे? वे लोग कलेक्टर थे, कमिश्नर थे और सचिव थे लेकिन कितने वे काबिल थे। जब अंग्रेज चले गये, तो रातों-रात सब काबिल हो गये और हम को कहते हैं कि तुम नालायक हो। हम को आप गद्दी पर बैठा दीजिये और फिर आप यह देखिये कि हम आप से अच्छा काम करते हैं या नहीं? लेकिन श्रीमन, आप की नीयत साफ नहीं है कि हरिजन को गद्दी पर बैठा दो, आप की नीयत साफ नहीं है कि बैकवर्ड को गद्दी पर बैठा दो और ऐसा करने के लिये आप हजारों बहाने करते हैं। मैं आप से पूछना चाहता हूं क्योंकि आप को इन दो वर्षों में काफी अनुभव हो गया होगा कि जरा आप हम को समझा दीजिये कि ऐसा क्यों है। हमारे गृह मंत्री जी तो सारी जिन्दगी का अनुभव रखे हुए हैं। वे ईमानदारी से छाती पर हाथ रख कर बतायें कि क्या कभी किसी ईमानदार आफिसर का ड्यू डेट पर प्रोमोशन हुआ है? एक भी उदाहरण आप लोग दे देंगे तो हम आप की मिठाई खिलाई करेंगे। जितने ईमानदार अफसर हैं, वे दरबार नहीं करेंगे, न डाली लाएंगे और न घूस देंगे। प्रोमोशन उसी का होता है जो घूस लेता है और आधा देता है और आधा अपने पास रख लेता है, अपनी गोटी भी फिट और उनकी गोटी भी फिट। ऐसे लोगों का प्रोमोशन होता है और जितने ईमानदार हैं उन सब का करेक्टर रोल खराब है। जितने हरिजन और बैकवर्ड हैं, उन का करेक्टर, रोल लिखने वाले यही हैं। इसलिये उन का प्रोमोशन नहीं होगा। अगर आप सीधे सीधे प्रोमोशन नहीं देना चाहते, तो रिजर्वेशन में आप को प्रोमोशन देना होगा। इसलिए मैं आप से कहना चाहता हूं कि इन सब बुराइयों को दूर करने के लिए आप अलग से हरिजन मंत्रालय बनाये। अगर इस के लिए बात की जाती है, तो इस में किसी को चिढ़ क्यों लगती है। आप को हरिजन और बैकवर्ड दोनों का मंत्रालय अलग से बनाना पड़ेगा अगर सचमुच में आप इनका उत्थान चाहते हैं। किसी हरिजन विरोधी को हरिजन अफसर बना कर, किसी हरिजन विरोधी को रिक्रूटिंग अफसर बना कर के और किसी बैकवर्ड विरोधी को प्रोमोटिंग आफिसर बना कर अगर आप चाहते हैं कि उन का प्रोमोशन हो या रिक्रूटमेंट हो, तो वह नहीं होगा। क्या वजह है कि आप उन को प्रोमोशन नहीं देते हैं। ये सारे के सारे अफसर नालायक थे अंग्रेजों के जमाने में और गद्दी पर बैठकर ये रातोंरात काबिल बन गए। मेरा कहना यह है कि हरिजन का कम्पीटीशन हरिजन से करवाइए। आप सवर्णों से उन का कम्पीटीशन करवाते हैं। . .

MR. CHAIRMAN Mr Kushwaha you may continue tomorrow. Now we take up call attention motion

---

17.59 hrs

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### (ii) REPORTED CLASH BETWEEN THE POLICE AND THE RESIDENTS IN NIZAMUDDIN, NEW DELHI.

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) सभापति महोदय, यह जो कालिंग एटेंशन है, इस में मेरा पहला नाम है और हम को जो कागज मिला है, वह अभी अंग्रेजी में मिला है। इस को मैं पढ़ नहीं सकता हूं।

श्री हुकमदेव नारायण यादव (मधुबनी). फाड़ो इस को। आज ही श्री विनायक प्रसाद यादव ने सुबह कहा था कि हिन्दी में दिया जाए। हिन्दी में देने के लिए क्या बार-बार यह सवाल यहां उठता रहेगा।

श्री राम विलास पासवान: मैं आप की व्यवस्था चाहता हूं। इस बारे में आप की क्या व्यवस्था है?

18 hrs

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI H. M. PATEL): Sir, I must apologise for this. I had explained this morning that these calling attention notices were given only yesterday. I have tried to obtain the